संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 06 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 63 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में नौंवे राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में कारीगरों से बात करते हुए।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## अबू आजमी बजट सत्र तक के लिए सस्पेंड

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई** : मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने के बाद महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी को पूरे बजट सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। महाराष्ट्र का बजट सत्र 3 मार्च को शुरू हुआ और 26 मार्च को खत्म होगा। संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सदन में एक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आजमी ने जो टिप्पणी की, उससे सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, जिसके कारण उनकी सदस्यता को बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव को सदन में अध्यक्ष ने पारित कर दिया। उधर यूपी बजट सत्र के आखिरी दिन सीएम योगी ने विधान परिषद में अबू आजमी के बयान का जिक्र किया। योगी बोले- भारत की आस्था को रौंदने वाले का महिमामंडन करने वाले सदस्य को सपा से बाहर निकाल देना चाहिए। उसे (अबू आजमी) यहां बुलाइए। उत्तर प्रदेश ऐसे लोगों का उपचार करने में देर नहीं करता। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, वह क्रूर शासक नहीं 3 मार्च को आजमी ने कहा था- हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं।

# केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी

- सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी लंबी रोपवे को मंजूदी दी गयी

**कैबिनेट फैसले**

**निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड में दो रोपवे परियोजनाओं के विकास को मंजूरी दी गयी। इसमें सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी लंबी और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजनाओं के विकास को मंजूदी दी गयी है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी लंबी परियोजना को 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित होगा, जिसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटा प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगा। वैष्णव ने बताया कि रोपवे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक वरदान साबित होगी क्योंकि यह पर्यावरण के अनुकूल, आरामदायक और तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इससे यात्रा का समय लगभग 8 से 9 घंटे से घटकर लगभग 36 मिनट हो जाएगा। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी। रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में अंतिम मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर की यात्रा गौरीकुंड से 16 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या टट्टू, पालकी और हेलिकॉप्टर से तय किया जाता है। केदारनाथ उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दीपावली (अक्टूबर-नवंबर) तक साल में लगभग 6 से 7 महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।



### वर्तमान में हेमकुंड साहिब जी की यात्रा पैदल चुनौतियों से भरा, 21 किमी की चढ़ाई

पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजना को 2,730.13 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत से डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। वर्तमान में हेमकुंड साहिब जी की यात्रा पैदल या टट्टू या पालकी द्वारा सरकार से 21 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिब जी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

## सोने की तस्करी करते पकड़ी गई पुलिस महानिदेशक की बेटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**केम्पेगौड़ा:** दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रान्या राव को सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अभिनेत्री पुलिस महानिदेशक (पुलिस आवास निगम) रामचंद्र राव की बेटी हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने सोमवार रात केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर सोने की तस्करी के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया।

**14.8 किलोग्राम सोना रखने का आरोप**

अभिनेत्री के ऊपर 14.8 किलोग्राम सोना रखने का आरोप था। उन्हें मंगलवार शाम जज के सामने पेश किया गया, जिसके बाद अभिनेत्री को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह आदेश वित्तीय अपराधों के लिए एक स्पेशल कोर्ट के जज ने जारी किया। न्यायिक हिरासत में लिए जाने से पहले अभिनेत्री का बॉरिंग अस्पताल में मेडिकल परीक्षण हुआ। अधिकारियों के अनुसार, रान्या ने दावा किया कि वह बिजनेस के लिए दुबई जा रही थीं। डीआरआई ने पाया कि वह पिछले 15 दिनों में चार बार दुबई की यात्रा कर चुकी है।


आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सीतारमण से की मुलाकात, कई अहम मुद्दों पर की चर्चा।

## लाव-लश्कर के साथ विपश्यना करने पंजाब पहुंचे अरविंद केजरीवाल

**निशाने पर**

**लूट के शहंशाह केजरीवाल पंजाब को लुटाने के षड्यंत्र के साथ राज्य में पूरा 'लूटू टोला' लेकर बैठ गए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। आम** आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की 10 दिवसीय विपश्यना साधना शुरू हो गई है, जो 15 मार्च को खत्म होगी। वह 4 मार्च को गाड़ियों के काफिले के साथ पंजाब के होशियारपुर से 11 किलोमीटर दूर स्थित आनंदगढ़ में धम्म धजा विपश्यना केंद्र पहुंचे।



उनके काफिले में तीन दर्जन से अधिक गाड़ियां और सुरक्षा के लिए पंजाब पुलिस के 100 जवानों को तैनात किया गया है। इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस ने कजेरीवाल पर निशाना साधा है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने मीडियाकर्मियों से कहा कि दिल्ली के शीश महल के तानाशाह एवं लूट के शहंशाह केजरीवाल पंजाब को लुटाने के षड्यंत्र के साथ राज्य में पूरा 'लूटू टोला' लेकर बैठ गए हैं। भगवंत मान जवाब दें आखिर किस हैसियत से केजरीवाल, जो न की विधायक हैं न सांसद, ऐसे व्यक्ति के लिए पंजाब सरकार ने होशियारपुर में 100 गाड़ियों का काफिला कैसे लगवा दिया?

## पंजाब सरकार ने नहीं लागू की 1996 की पेंशन योजनाः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब के मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया। यह नोटिस उन्हें राज्य की तीन दशक पुरानी पेंशन योजना को लागू न करने को लेकर भेजा गया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने कहा कि कोर्ट को हल्के में न लिया जाए। बेंच ने मुख्य सचिव से पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना की प्रक्रिया क्यों शुरू न की जाए।

## राजीव गांधी दो बार फेल हुए फिर भी पीएम बनेः मणिशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर से बातचीत के एक वीडियो ने आज सियासी हलके में तूफान मचा दिया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कर दिया, जिसके बाद यह बवाल कुछ ज्यादा ही बढ़ गया। आज दिनभर भाजपा नेता जहां इसे ट्रोल करते दिखे वहीं कांग्रेस के नेता इसके बचाव में उतर आए। हालांकि यह वीडियो कब और कहां का है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस वीडियो में मणिशंकर अय्यर सामने बैठे युवक से कह रहे हैं, "राजीव जब प्रधानमंत्री बने तो मैंने सोचा कि वो एयरलाइन पायलट है। दो बार फेल हो चुके थे। मैं उसके साथ कैम्ब्रिज में पढ़ा। वहां वे फेल हो चुके। कैम्ब्रिज में फेल होना बहुत मुश्किल है। वहां फर्स्ट क्लास में पास होना आसान है। क्योंकि कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी अपनी

**विवाद**

**"राजीव गांधी को अकादमिक रूप से संघर्ष करना पड़ा, यहां तक कि कैम्ब्रिज में भी फेल हो गए: अय्यर**

छवि बरकरार रखने के लिए कोशिश करती है कि सभी कम से कम पास हो जाएं। इसके बावजूद राजीव फेल हो गए। फिर वो लंदन के इम्पीरियल कालेज गए लेकिन वहां भी वो दोबारा फेल हो गए। इसके मद्देनजर मैंने सोचा कि इस तरह के आदमी को क्या प्रधानमंत्री बनना है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर वीडियो साक्षात्कार की क्लिप शेयर की और लिखा, "राजीव गांधी को अकादमिक रूप से संघर्ष करना पड़ा, यहां तक कि कैम्ब्रिज में भी फेल हो गए, जहां पास होना अपेक्षाकृत आसान है।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग में विराट कोहली चौथे स्थान पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। भार**तीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी की ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिसकी बदौलत उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए यह स्थान हासिल किया। रोहित एक स्थान खिसककर पांचवें स्थान पर आ गए हैं, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ, जिन्होंने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, भी छह स्थान की छलांग लगाकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**अजमतुल्लाह ओमरजई बने नंबर 1 ऑलराउंडर**

अफगानिस्तान के उभरते सितारे अजमतुल्लाह ओमरजई ने आईसीसी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने अपने हमवतन मोहम्मद नबी को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम पाया।

25 वर्षीय ओमरजई ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट हॉल और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक शामिल था। कुल 126 रन बनाए, जिससे उन्हें बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी 12 स्थानों का उछाल मिला और अब वह 24वें स्थान (598 रेटिंग अंक) पर आ गए हैं।भारत के अक्षर पटेल भी ऑलराउंडर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाकर 17 स्थान ऊपर चढ़े और अब 13वें स्थान (194 रेटिंग अंक) पर पहुंच गए हैं। उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

**गेंदबाजों की रैंकिंग में बदलाव**

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला और वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान (649 रेटिंग अंक) पर पहुंच गए।



**रैंकिंग में उछाल**

**रोहित एक स्थान खिसककर पांचवें स्थान पर आ गए हैं, जबकि उनके जोड़ीदार गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार**

## टैरिफ वॉरः शेयर बाजार में तेजड़ियों की वापसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** लगातार 10 दिन तक कमजोरी का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी का माहौल बना रहा। माना जा रहा है कि अमेरिका द्वारा टैरिफ वॉर में राहत का संकेत देने, एशियाई बाजारों की मजबूती, मिडकैप और स्मॉलकैप के साथ ही ब्लू चिप कंपनियों के स्टॉक्स में हुई लिवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार में लगातार उत्साह बना रहा। शेयर बाजार में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेट्री हावर्ड विलियम लुटनिक के बयान को माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने इस बात का संकेत दिया है कि कनाडा और मेक्सिको पर लगाए गए टैरिफ को आने वाले दिनों में कुछ कम किया जा सकता है। लुटनिक ने अपने बयान में कहा है कि टैरिफ को कुछ मानकों के आधार पर संतुलित किया जा सकता है।

## कांग्रेस ने संपत्तियों की देखभाल के लिए बनाया नया विभाग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देशभर में अपनी संपत्तियों की देखभाल के लिए आज एक नया विभाग गठित किया है। पूर्व सांसद विजय इंदर सिंगला को इसका प्रभारी नियुक्त किया है। सिंगला अभी पार्टी के संयुक्त कोषाध्यक्ष हैं। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने आज यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश भर में कांग्रेस पार्टी की संपत्तियों की निगरानी के लिए एक नया अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) विभाग गठित किया है।

## बोफोर्स घोटाले का दावा करने वाले माइकल से जुड़ी जानकारी मांगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच एजेंसी ने बोफोर्स घोटाले का दावा करने वाले माइकल हर्शमैन से जुड़ी जानकारी अमेरिका से मांगी है। हर्शमैन 2017 में भारत दौरे पर आए थे। उन्होंने दावा किया था कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने घोटाले की जांच को पटरी से उतार दिया था। तब हर्शमैन ने सीबीआई के साथ बोफोर्स मामले से जुड़ी अहम जानकारी शेयर करने की इच्छा जाहिर की थी। बोफोर्स घोटाला साल 1986 का है, तब राजीव गांधी की सरकार थी। आरोप था कि स्वीडिश कंपनी अइ बोफोर्स ने सौदे के लिए भारतीय नेताओं और रक्षा मंत्रालय को 60 करोड़ रुपए की घूस दी थी।



**हर्शमैन ने क्या दावा किया था**

फेयरफैक्स ग्रुप के चीफ हर्शमैन ने 2017 में कई इंटरव्यू में दावा किया था कि 1986 में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने विदेशों में भारतीयों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करने का जिम्मा उन्हें सौंपा था। इसमें कुछ बोफोर्स सौदे से संबंधित थे। दावे से जुड़े सबूत कहां हैं उइकने 8 साल पहले ही हर्शमैन के उन दावों से जुड़ी जानकारी इकट्ठा करना शुरू कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था

**बोफोर्स का जिन्न**

**सीबीआई की अमेरिका से अपील: एजेंसी ने कहा- जांचकर्ता से जानकारी चाहते हैं**

**विनियमन** नवाचार, समावेशिता, स्थिरता और विश्वास तकनीकी शासन के प्रति भारत के मार्गदर्शक सिद्धांतों के मूल

## दूरसंचार में नवाचार व विनियमन के लिए बहु-चरणीय दृष्टिकोण अपना रहा भारत : सिंधिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत दूरसंचार में नवाचार और विनियमन के लिए बहु-चरणीय दृष्टिकोण अपना रहा है। नवाचार, समावेशिता, स्थिरता और विश्वास तकनीकी शासन के प्रति भारत के मार्गदर्शक सिद्धांतों के मूल हैं। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2025 में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार के क्षेत्र में भारत में आ रहे परिवर्तन को दशार्या। उन्?होंने कहा कि नवाचार, समावेशिता, स्थिरता और विश्वास तकनीकी शासन के प्रति भारत के मार्गदर्शक सिद्धांतों के मूल में हैं। स्पेक्ट्रम प्रबंधन, बाजार की स्थिरता, दूरसंचार विनियमन और उपभोक्ता संरक्षण सुनिश्चित करना विनियमन के साथ नवाचार को संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।



**द्विपक्षीय**

**सिंधिया ने कार्यक्रम के दौरान जीएसएमए, एफसीसी, पोलैंड और स्वीडन के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं**

मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 25 में भागीदारी भारत की दूरसंचार क्रांति की वैश्विक स्थिति को रेखांकित करती है और तकनीकी शासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। संचार मंत्री ने एमडब्ल्यूसी 2025 के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का शुभारंभ किया और भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के सहयोग से दूरसंचार उपकरण एवं सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (टीईपीसी) द्वारा लगाए गए भारत पैवेलियन का उद्घाटन किया, जिसमें 38 भारतीय दूरसंचार उपकरण निमार्ताओं ने भाग लिया है और अपने अत्याधुनिक उत्पादों, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों का प्रदर्शन किया है।

उन्?होंने साथ ही 5जी, कृत्रिम

# नाबालिग लड़की ने वंदे भारत ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गन्नौर और भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन के बीच 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पिता ने गांव के दो युवकों और एक पुजारी पर दुष्कर्म व आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। सूचना के बाद जीआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर तीन आरोपितों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में मृतक के पिता ने बताया कि उसकी बेटी 12वीं कक्षा की छात्रा थी। पिछले कई दिनों से गांव का ही तुषार व कमल ने उसकी बेटी को अपने जाल में फसा रखा था। उनकी बेटी ने इस बारे में उन्हें पहले भी शिकायत की थी। आरोप है कि 4 मार्च को तुषर व कमल उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ गांव के मंदिर में पुजारी मंजीत के पास ले गए। 5 मार्च को पुजारी मंजीत ने उन्हें फोन पर बताया कि उनकी बेटी ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली है। पिता ने शक जताया है कि तीनों आरोपितों ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। जिसके चलते उसने ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली।


आरोपित तुषार गिरफ्तार, उसको एक्ट

**मामला दर्ज**

**⏩ जीआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया।**

**के तहत है मामला दर्ज**
जीआरपी थाना के उप निरीक्षक महाबीर तोमर ने बताया कि इस मामले में मृतक लड़की के पिता की शिकायत पर जीआरपी पुलिस चौकी ने आरोपित तुषार, कमल व मंजीत पर पाक्सो एक्ट, अपहरण व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपित तुषार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे वीरवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल भेजा, आज होगा पोस्टमार्टम**
जीआरपी थाना के उप निरीक्षक महाबीर तोमर ने बताया कि लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल भेजा गया है, जहां वीरवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद दूष्कर्म की पुष्टी हो

# सड़क का निर्माण न होने से लोगों ने किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गुमड़ से खेड़ी रोड होते हुए गढ़ी झंझारा की तरफ जाने वाली सड़क निर्माण अधर में लटका है। जिससे इस सड़क मार्ग पर आवाजाही वाहन चालकों के लिए सुगम नहीं हो पा रही है। यह सड़क पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा डेढ़ साल पहले इस सड़क का नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। 12 फुट चौड़ी इस सड़क को अब 18 फुट चौड़ा किया जाना है। विभाग ने सड़क पर रोड़ा डलवा दिए, लेकिन उसका निर्माण नहीं किया गया। ऐसे में किसानों व सड़क से गुजरने वाले छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क निर्माण न होने से बुधवार को किसान विरेंद्र पहल के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने प्रशासन व विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। विरेंद्र पहल ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए यूनियन भी काफी समय से मांग कर रही थी।

# रेलवे रोड पर नाला रुकने से गली में भरा गंदा पानी, गंदे पानी से निकलने को मजबूर लोग

**परेशानी का सबब**

**⏩ गली के निवासियों ने प्रशासन से मुख्य नाले की सफाई करवाने की मांग की है ताकि लोगों का हवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रेलवे रोड पर विश्वकर्मा मंदिर के सामने वाली गली में मुख्य नाला रुकने के कारण गली में पानी जमाव के कारण गलीवासी बेहद परेशान है। गली के निवासियों ने प्रशासन से मुख्य नाले की सफाई करवाने की मांग की है ताकि लोगों का हवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े । गली निवासी मुकेश, संजय जांगड़ा, सुभाष नरेश ,सुनील सैनी, मुकेश सोलंकी, कर्मवीर कौशिक, अमित कुमार विकास ने बताया कि रेलवे रोड पर बने मुख्य नाले का लेवल



ऊंचा होने के कारण गली का लेवल नाले से नीचे होने के कारण जब नाला रुक जाता है तो पूरी गली में नल का गंदा पानी भर जाता है । जिस कर्म ने मजबूरी में गली में बड़े नाले के गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है उन्होंने बताया कि गंदा पानी भरने की समस्या से निजात दिलाने के लिए गली का लेवल नाले से ऊंचा उठाया जाए। उसके बाद बार-बार गली में करने वाले नाले के गंदे पानी से निजात मिलेगी । गलीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए ।

# नशे के प्रति जागरूक करने के लिए जीयू में हुआ नुक्कड़ नाटक

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
गीता यूनिवर्सिटी के मानविकी विभाग द्वारा नशे के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने युवाओं में डिप्रेशन व तनाव की स्थिति में नशे का सहारा लेने व नशे की लत में पड़ने का मंचन किया। इस दौरान छात्रों को नशे व दूसरी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्षा डा भावना शर्मा ने किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने दशार्या की एक होनहार छात्र ब्रेकअप के कारण भावनात्मक रूप से टूट जाने के बाद शराब और ड्रग्स की ओर मुड़ गया। धीरे धीरे उसको नशे की लत लग गई।

# राइस मिलर पर पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप, गढ़ी झंझारा ग्राम पंचायत ने समाधान शिविर में दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गढ़ी झंझारा ग्राम पंचायत ने बुधवार को सोनीपत समाधान शिविर में पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दी है। शिकायत में सरपंच रचना देवी ने बताया कि गढ़ी झंझारा रोड पर ऋषि ज्ञान स्कूल के पास पंचायत की जमीन पर विनायक राइस मील्स के मालिक जयभगवान निवासी गन्नौर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा पंचायत की जमीन पर राखी डालनी शुरू कर रखी है। इस संबंध में पंचायत ने राइस मील्स के मालिक को 15 जनवरी को 24(1) और 23 जनवरी 2025 को 24(2) के तहत नोटिस जारी किया था, लेकिन मालिक ने इसे नहीं स्वीकारा और न ही पंचायत के समक्ष प्रस्तुत हुआ। सरपंच ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग के नजदीक होने की वजह से इस राखी की वजह से आने जाने वालों को बदबू आती है व हवा के कारण यह राखी आंखों में



चली जाती है। इससे दुर्घटना होने का पूरा अंदेशा बना हुआ है। उन्होंने विनायक राइस मिलर पर विभागीय कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

**बीडीपीओ से भी की थी शिकायतः** सरपंच रचना देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत की जमीन पर राखी डाल कर अवैध कब्जा करने के संबंध में ग्राम पंचायत ने बीडीपीओ गन्नौर को भी शिकायत दी। जिस पर बीडीपीओ ने 27 फरवरी को गन्नौर थाना में कब्जा हटवाने के लिए थाना गन्नौर में पत्र भी भेज रखा है, लेकिन अभी तक कब्जा नहीं हटवाया गया।

**धमकी देने का भी आरोपः** सरपंच रचना देवी ने बताया कि वह वाल्मिकी जाति से हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपित राइस मील्स के मालिक जयभगवान व

**शिकायत दी**

**⏩ इस संबंध में पंचायत ने राइस मील्स के मालिक को 15 जनवरी को 24( 1) और 23 जनवरी 2025 को 24(2) के तहत नोटिस जारी किया था**

उनके भाई महासिंह और रमेश दबंग लोग हैं जिन्होंने उसे जाति सूचक शब्द कहे और गांव वालों को भी डराया धमकाया व गालियां दी। यह भी आरोप लगाया कि आरोपित उनके पति व देवर को भी झूठे केस में फसवाने की धमकी दे रहे हैं।

**एसीपी ने थाना प्रभारी को दिए निर्देशः** समाधान शिविर में शिकायत पर सुनवाई करते हुए एसीपी राहुल देव ने गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह को निर्देश दिए कि वे ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस टीम को भेज कर अवैध कब्जा हटवाएं।

# विधायक ने किया शहर व गांव चल रहे विकास कार्यो का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को निमार्णाधीन गन्नौर-शाहपुर से पुरखास सड़क का औचक निरीक्षण किया। इस 4 किलोमीटर लंबी सड़क पर करीब 3.50 करोड़ रुपए की लागत आएगी। सड़क की चौड़ाई 18 से बढ़ाकर 23 फीट की जाएगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को जल्द से जल्द काम पूरा करने और गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि



लोक निर्माण विभाग सड़क निर्माण में कोई लापरवाही न करे। लंबे समय से लोग इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। सड़क बनने से शेखपुरा और पुरखास समेत कई गांवों के लोगों और राहगीरों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास जारी हैं।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14250835 A | रेफ्रिजरेंट आर-407सी, सुटेबल फॉर आरएमपीयू | 13264 किलो ग्राम | 27.03.25 |
| 2 | 09242569 | टॉप हाउसिंग फॉर सीसीपीयू एस बी पैड | 2173 नग | 02.04.25 |
| 3 | 77259018 RGC | 10125 एमएम ओ/आर (कर्वड) फैन शेप्ड स्विच | 177 सेट | 21.04.25 |
| 4 | 77259021 RGC | 6400 एसएमओ/आर (कर्वड) फैन शेप्ड स्विचेस | 101 सेट | 24.04.25 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 714/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/आरएस(ई)/टीएम/2 नई दिल्ली, दिनांक 04.03.2025

**शुद्धिपत्र संख्या 2**

विषयः 101 अदद् ऑन ट्रैक यूटिलिटी ट्रैक व्हेकिलस (8-व्हीलर), बी.जी. (1676 मिमी) के लिए के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 25.03.2025 को खोली जाने वाली ई-खुली स्वदेशी निविदा सं. 2025-टीएम-1

विषय निविदा के कुछ नियम और शर्तो को संशोधित और IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया हैं। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी कि लिए वेबसाइट- https://ireps.gov.in पर देखें।

निदेशक, रेल मंडार (एफ)
रेलवे बोर्ड

709/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मयूर, पुत्रः रामचंदर, पताः एस-152/11, रोड नं. 3, इंद्रा कैंप, एंड्रयूजगंज, दिल्ली** ने **FIR No. 200/2024, Date 13.11.2024, U/s 21/29 NDPS Act, पुलिस थाना लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मयूर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मयूर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 200/2024, Date 13.11.2024, U/s 21/29 NDPS Act, पुलिस थाना लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली** के अभियुक्त **मयूर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. तरुण सहरावत
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-04 (एनडीपीएस)
दक्षिण-पूर्व जिला, कमरा नं. 312
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2585/SD/2025

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार पुत्रः** देशराज आहूजा **पताः** 26/6/6 शक्ति नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 290/13 U/s 3 DPDP Act, थानाः बेगमपुर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 290/13 U/s 3 DPDP Act, थानाः बेगमपुर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राज कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा छौंकर
एसीजेएम, उत्तर-पश्चिम
कमरा नंबर 101
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2128/RD/2025
(Court Matter)

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

I Suresh Kumar Gupta S/o Sh. Rattan Lal Gupta R/o D-76, Lord Krishna Road Adarsh Nagar, Delhi 110033. have changed my name from Suresh Gupta to Suresh Kumar Gupta for All future Purpose.

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# हरकत में आई सरकार, ताकि भरा रहे खजाना

## मंत्री बजटीय तैयारी में जुटे, संकल्प पत्र लागू करने पर मंथन

**बैठक**

सिरसा और रविंद्र सिंह इंदराज ने अपने-अपने विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद दिल्ली सरकार हरकत में आ गई है। खजाना भरा रखने के लिए सभी विभागों ने बजटीय तैयारियां शुरू दी हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा और रविंद्र सिंह इंद्राज ने अपने-अपने विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें कई अहम मुद्दों पर मंथन किया गया। इस दौरान मंत्रियों ने न सिर्फ अपने विभागों की चल रही योजनाओं पर चर्चा की, बल्कि लंबित योजनाओं और भविष्य में लागू करने वाली योजनाओं के बारे में भी गहन विचार-विमर्श किया। इसमें अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे भाजपा के संकल्प पत्र के साथ बजट का तालमेल बिठाएं। सरकार हर सूरत में वादों को पूरा करती नजर आनी चाहिए। मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र सिंह इंदराज ने अलग-अलग बैठकों में भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए वादों पर भी चर्चा की। इसमें दिल्ली के विकास के लिए कई योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संकल्प पत्र को ध्यान में रखते हुए बजट में इस तरह के प्रावधान जोड़े जाएं, जिससे जनता सीधा लाभ मिल सके। इसके अलावा विकास कार्यों और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बजट में नई योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था करनी है। मंत्रियों की इन बैठकों से यह स्पष्ट हो गया कि आगामी बजट में दिल्ली की विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने के लिए विशेष प्रावधान होंगे। भाजपा के संकल्प पत्र के प्रावधानों को अमलीजामा पहनाने के लिए बजट में पर्याप्त फंड आवंटित करने की योजना है।

**भाजपा ने कर रखी हैं कई घोषणाएं**

चुनावों से पहले भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कई घोषणाएं की थीं, जिनमें गरीबों, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों, युवाओं आदि के लिए विशेष योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं को जल्द से जल्द लागू करने के लिए बजट में बदलाव और नए दिशा-निर्देशों की जरूरत होगी। मंत्रियों ने इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया और अधिकारियों से बजट में इन सभी बिंदुओं का समावेश करने के लिए निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री से संगठनों ने की मुलाकात**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से बजट जनता की राय पर आधारित बनाने के लिए गए एलान के कारण विभिन्न वर्गों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की और बजट को लेकर सुझाव दिए। संगठनों ने खासतौर पर व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर जोर दिया।

# ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने छह साल से अधिक समय तक जेल में रहने और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए आदेश पारित किया कि मामले में मुकदमा अभी शुरू होना बाकी है। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तरफ से जांच की जा रही पूर्वगामी अपराध में मिशेल को सर्वोच्च न्यायालय की ओर से जमानत दी गई है। कोर्ट ने आदेश दिया कि आवेदक की ओर से काटी गई लगभग छह वर्ष और दो महीने की कारावास अवधि को ध्यान में रखते हुए। साथ ही, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उस सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पूर्वनिर्धारित अपराध से संबंधित मामले में इस आधार पर जमानत भी प्रदान की गई है कि जांच पूरी नहीं हुई है और मुकदमा भी शुरू नहीं हुआ है।

यह देखते हुए कि इस मामले में पीएमएलए की धारा 4 के तहत अधिकतम निर्धारित सजा की शेष अवधि के भीतर मुकदमे के समाप्त होने की कोई संभावना नहीं लगती है, क्योंकि अभी तक मुकदमा भी शुरू नहीं हुआ है।

# गर्लफ्रेंड संग बुटीक से उड़ाए दुल्हन के दो करोड़ के कपड़े

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिण दिल्ली के फतेहपुरबेरी थाना क्षेत्र में प्रसिद्ध बुटीक अमीरन (ब्रांड नाम) में काम करने वाले नाबालिग लड़के के दिमाग में ऐशोआराम की जिंदगी जीने का ख्याल आया। उसे पता था कि बुटीक में दुल्हन के महंगे कपड़े आते हैं। ऐसे में उसने अपनी महिला दोस्त व नाबालिग साथी के साथ वहां से दो करोड़ रुपये की कीमत के दुल्हन के कपड़े व अन्य सामान चुरा लिए। राजा शब्द से पुलिस वारदात के कुछ घंटे बाद ही आरोपियों तक पहुंच गई और तीनों को पकड़ लिया। इस बुटीक में फिल्म स्टार व ब्रिटिश समेत अन्य



लोगों के कपड़े सिले जाते हैं। दक्षिण जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अचिन गर्ग ने बताया कि अमीरन बुटीक से महंगे डिजाइनर दुल्हन के कपड़ों की चोरी की पीसीआर कॉल 1 मार्च को मिली थी। टीम को सुरक्षा गार्ड ने बताया कि रात करीब 11.15 बजे एक महिला दो लड़कों के साथ उसके पास आई। उसने खुद को मालिक का रिश्तेदार बताते हुए अंदर वॉशरूम जाने के लिए कहा। जैसे ही लड़की अंदर गई उसके साथ मौजूद दो लड़कों ने गार्ड को दबोच कर उसके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद आरोपियों ने शोरूम में लूटपाट की। गार्ड ने किसी तरह खुद को खोलकर पीसीआर कॉल की थी। पुलिस को जांच में पता लगा कि आरोपी करीब दो करोड़ रुपये की कीमत के 50 डिजाइनर दुल्हन के कपड़े, एक कैमरा, डेस्कटॉप और डीवीआर और अन्य सामान चुराकर ले गए हैं।

# हर साल हजारों पशु-पक्षियों की जान बचा रहा दमकल विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पतंग की डोर में उलझे कबूतर से लेकर गड्ढे में गिरी गाय को बचाने तक दिल्ली का दमकल विभाग हर साल हजारों बेजुबानों की जान बचाता है। कई बार कई-कई घंटे चले ऑपरेशन के बाद दमकलकर्मी अपनी जान पर खेलकर इनको बचाते हैं। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक इंसानी जान की तरह परिंदों और जानवरों की जान भी उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। अधिकारियों का कहना है कि जानवरों और पक्षियों के लिए हम मुसीबतें खड़ी कर रहे हैं। दैनिक जीवन में पशु-पक्षी इसका शिकार भी हो रहे हैं।

# एनएचएआई को दिल्ली-रोहतक रोड सौंपने की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने पीरागढ़ी चौक से टिकरी बॉर्डर तक करीब 13 किमी लंबे दिल्ली-रोहतक रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सौंपने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस निर्णय को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सैद्धांतिक रूप से सहमति दी है। इससे मार्ग को विश्वस्तरीय हाईवे में बदलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रवेश वर्मा ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य दिल्ली-हरियाणा के बीच यात्रा को सुगम बनाना, सड़क की स्थिति में सुधार लाना और यातायात को और बेहतर बनाना है। यह निर्णय मोदी सरकार के डबल इंजन



विकास मॉडल का हिस्सा है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और गडकरी की सहमति से हम दिल्ली-रोहतक रोड को एनएचएआई को सौंपने के लिए आगे बढ़े हैं। यह कदम यातायात की सुगमता, संपर्क की मजबूती और बेहतर सड़क अवसंरचना के लिए है। हम दिल्ली से विभिन्न राज्यों को जोड़ने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को एनएचएआई को सौंपने की प्रक्रिया में हैं, ताकि भारत के राजमार्ग नेटवर्क को मजबूत किया जा सके। इस फैसले से दिल्ली और हरियाणा के बीच यात्रा में तेजी आएगी और सड़कों का रखरखाव भी बेहतर होगा। यह कदम मोदी सरकार की विशाल सड़क विकास योजनाओं का हिस्सा है, जो भारत के राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। पीडब्ल्यूडी ने सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए समयसीमा निर्धारित की है। इसके तहत 30 अप्रैल तक सड़कों पर मौजूद 7000 गड्ढों को भरा जाएगा।

**सहमति**

इस निर्णय को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सैद्धांतिक रूप से सहमति दी है

# यमुना की स्वच्छता के लिए भाजपा सरकार संकल्पबद्ध : प्रवेश

**जिम्मेदारी**

डबल इंजन सरकार यमुना की सफाई के लिए ठोस रोडमैप और एक्शन प्लान के साथ काम कर रही



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि यमुना की स्वच्छता के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार यमुना कीसफाई के लिए ठोस रोडमैप और एक्शन प्लान के साथ जमीन पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत के तुरंत बाद हमने यमुना की सफाई पर तेजी से काम शुरू किया, जिसका नतीजा है कि अब तक 1300 मीट्रिक टन कचरा यमुना से निकाला जा चुका है। दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने बुधवार को नाव से सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ छठ घाट और ओखला बैराज तक यमुना की सफाई का निरीक्षण किया। बाद में आईटीओ के निकट यमुना तट पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में यमुना की सफाई पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ, बल्कि गंदगी दोगुनी हो गई। तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार ने यमुना सफाई के नाम पर सिर्फ झूठ फैलाया और भ्रष्टाचार किया। वर्मा ने कहा कि दिल्ली भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से यमुना को साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर साफ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री यमुना सफाई अभियान पर लगातार नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा यमुना रिवर फ्रंट विकसित करने का कार्य भी शुरू हो चुका है। मैं दिल्लीवासियों से अपील करता हूं कि यमुना में गंदगी डालने से बचें और इस पवित्र अभियान में अपना सहयोग दें। उन्होंने दिल्ली वालों से यमुना को निर्मल बनाने में योगदान करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में सभी नालों को एसटीपी से जोड़ा जाएगा और उनकी क्षमता बढ़ाई जाएगी।

औद्योगिक क्षेत्रों में सीटीपी लगाए जाएंगे ताकि केमिकल कचरे का सही निपटान हो। साथ ही, बारिश के समय में बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए आईटीओ गेट्स की मरम्मत और सुरक्षा दीवारों की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। मैं दिल्लीवासियों को आश्वस्त करता हूं कि अब दिल्ली में बाढ़ की स्थिति नहीं बनेगी।

**कटिबद्ध**

औद्योगिक क्षेत्रों में सीटीपी लगाए जाएंगे ताकि केमिकल कचरे का सही निपटान हो: प्रवेश वर्मा

# संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 21-23 मार्च तक बेंगलुरु में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु के चन्नेनहल्ली स्थित जनसेवा विद्या केंद्र में आयोजित की गयी है। संघ की यह सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई है तथा इसका आयोजन प्रतिवर्ष होली पर्व के आसपास होता है। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बुधवार को बताया कि बैठक में गत वर्ष 2024-25 का कार्यवृत्त रखा जाएगा तथा उस पर समीक्षात्मक चर्चा के साथ ही विशेष कार्यों का निवेदन भी होगा। आगामी विजयादशमी को संघ कार्य के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस निमित्त विजयादशमी 2025 से 2026 तक संघ शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा।

# शिक्षा मंत्री ने हुए पारदर्शी ईडब्ल्यूएस प्रवेश ड्रा निकाला



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** स्कूल में दाखिले में निष्पक्षता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आज 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) श्रेणी के तहत प्रवेश के लिए पहला ड्रा निकाला। पुराने सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में माता-पिता, बच्चे और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे, जिसने पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और किसी भी संदेह से परे हो, ड्रा को एक स्टैंडअलोन कंप्यूटर के माध्यम से डिजिटल रूप से आयोजित किया गया, जिससे किसी भी तरह की हेराफेरी की संभावना समाप्त हो गई। कार्यक्रम स्थल पर कई टेलीविजन स्क्रीन लगाई गई थीं, ताकि माता-पिता वास्तविक समय में इस प्रक्रिया को देख सकें। इस वर्ष, दिल्ली सरकार ने एहर आय सीमा को 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करके शिक्षा की सुलभता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है, जिससे वंचित पृष्ठभूमि के अधिक से अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा का लाभ मिल सके।

दिल्ली के लिए पहली बार - बिना भेदभाव के प्रवेश

दिल्ली के इतिहास में पहली बार, एहर प्रवेश ड्रा इतने सख्त पारदर्शिता उपायों के साथ आयोजित किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक बच्चे को, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि का हो, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समान अवसर मिले कार्यक्रम में बोलते हुए, आशीष सूद ने कहा: "हमने प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए कई सुरक्षा उपाय किए हैं। इसमें आपत्तियों के मामले में फिर से ड्रा करने का विकल्प, कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल फोन के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध और पूरी वीडियो निगरानी शामिल है। पूरी प्रक्रिया शिक्षा निदेशालय की एक विशेष समिति की देखरेख में की गई।

**पहला ड्रॉ**

दिल्ली सरकार ने ईडब्ल्यूएस आय सीमा बढ़ाकर 5 लाख करके शिक्षा तक पहुँच का विस्तार किया है

# दिल्ली पुलिस ने पांच घंटे चलाया रात्रि गश्त अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने रात 9 बजे से 2 बजे तक रात्रि गश्त के तहत सुरक्षा अभियान चलाया। इस दौरान राजधानी में जगह-जगह बैरिकेड लगाकर जांच-पड़ताल की गई। हालांकि इससे आनंद विहार जैसी कुछ जगहों पर रात 11 बजे भी जाम की स्थिति बन रही। अभियान के दौरान दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी भी सड़कों उतरे। इस दौरान दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी मौके पर जाकर अधिकारियों से मुलाकात की और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। रात्रि गश्त अभियान को लेकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय त्यागी ने बताया कि गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में नियंत्रण करना और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करना है। हम दिल्ली की जनता में सुरक्षा की भावना भी पैदा करना चाहते हैं, वाहनों की भी जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस की विशेष आयुक्त गरिमा भटनागर ने कहा कि कई बैठकें करने और नई सरकार के गठन के बाद अपराध को और कम करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। जब गश्त की जाती है तो पुलिस कर्मचारी भी प्रोत्साहित महसूस करते हैं। हमें दिल्ली को सुरक्षित रखना है।

# डीआरएम सुखविंदर सिंह का हुआ तबादला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली मंडल रेल प्रबंधक** सुखविंदर सिंह का तबादला कर दिया गया। माना जा रहा है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत के एक पखवाड़े बाद उन पर गाज गिरी है। जुलाई 2023 में दिल्ली मंडल डीआरएम नियुक्त हुए थे अभी उनका कार्यकाल बचा है। रेल मंत्रालय ने तबादला आदेश में कहा है कि उत्तर मध्य रेलवे जोन के पुष्पेश आर त्रिपाठी उनकी जगह लेंगे। आदेश में सुखविंदर सिंह की नई पोस्टिंग के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। तबादला आदेश में कहा गया है कि रेल मंत्रालय ने राष्ट्रपति की मंजूरी से



निर्णय लिया है कि पुष्पेश आर त्रिपाठी नए मंडल प्रबंधक होंगे और सुखविंदर सिंह के स्थान पर उन्हें तैनात किया गया है। हालांकि रेलवे अधिकारियों ने इस बात से इन्कार किया कि सिंह का तबादला नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की भगदड़ से जुड़ा है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि नई दिल्ली स्टेशन पर हुई त्रासदी का ही खामियाजा उठाना पड़ा है। इस हादसे को लेकर उच्च स्तरीय जांच कमेटी भी बनी है। भगदड़ पर अभी पूरी रिपोर्ट आनी बाकी है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि घटना की रिपोर्ट अभी लंबित है और जांच जारी है। सुखविंदर सिंह को जुलाई 2021 में दिल्ली डिवीजन के डीआरएम के रूप में तैनात किया गया था और लगभग दो साल बाद उनका तबादला हुआ है। इससे पहले डिंपी गर्ग को भी समान अवधि के बाद पद से हटाया गया था।

**गाज गिरी**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत के एक पखवाड़े बाद उन पर गाज गिरी

# क्या आपका टूथपेस्ट नकली तो नहीं !: राजधानी में बन रहा था फर्जी दंतमंजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी-उत्तरी जिला जांच इकाई (डीआईयू) ने नामी कंपनी के नाम पर नकली टूथपेस्ट बनाने वाली फैक्टरी का खुलासा किया है। पुलिस ने समयपुर बादली के सिरसपुर में चल रही फैक्टरी पर छापा मारकर सात हजार सेंसोडाइन की पैकिंग वाला टूथपेस्ट बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने फैक्टरी से पैकेजिंग का सामान जैसी- ढक्कन, बाहरी पैकिंग समेत कच्चा माल बरामद किया है। पुलिस ने यहां काम करने वाले दस कर्मचारियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। छापेमारी के बाद से फैक्टरी मालिक भागा हुआ है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि चेक आईपी साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने बाहरी-उत्तरी जिला जांच इकाई को सिरसपुर में सेंसोडाइन की नकली टूथपेस्ट बनाने की फैक्टरी चलाए जाने की शिकायत की। शिकायत में बताया कि टूथपेस्ट में खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस की एक टीम गठित कर शनिवार को सिरसपुर स्थित फैक्टरी में दबिश दी। करीब पांच हजार स्क्वायर फीट में बनी इमारत में चल रही फैक्टरी में दस कर्मचारी काम कर रहे थे। पुलिस ने फैक्टरी से सात हजार टूथ पेस्ट बरामद किए। जो पूरी तरह तैयार होकर बाजार में बिकने के लिए तैयार थे।

**पर्दाफाश**

फैक्टरी पर छापा मारकर सात हजार सेंसोडाइन की पैकिंग वाला टूथपेस्ट बरामद किया

# अब अवैध बांग्लादेशियों की सहायता करने वालों पर भी होगी एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अब अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की सहायता करने वाले पर ही एफआईआर होगी। दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों का पता कर उन्हें वापस बांग्लादेश डिपोर्ट करने का अभियान जोरशोर से शुरू किया गया है। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने सभी जिला पुलिस उपायुक्त को अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों का पता लगाकर उन्हें डिपोर्ट करने के सख्त आदेश दिए गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्रालय की दिल्ली पुलिस अधिकारियों, दिल्ली की मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारियों के साथ हुई बैठक को लेकर सख्त आदेश दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा के लिए हुए चुनावों के चलते अवैध रूप से रह रहे



बांग्लादेशियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान ठप पड़ गया था। विधानसभा चुनावों से पहले दिल्ली पुलिस अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान करने के लिए विशेष मुहिम चला रही थी। इस अभियान के तहत अब तक दिल्ली पुलिस ने करीब 100 बांग्लादेशियों को डिपोर्ट कर दिया है। ये अवैध तरीके से दिल्ली में छिप कर रह रहे थे। वहीं पुलिस करीब 500 से ज्यादा संदिग्ध दस्तावेजों की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा कार्यालय ने बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों का पता करने और उन्हें वापस भेजने के लिए प्रभावी तरीके से अभियान शुरू किया गया है। आयुक्त कार्यालय ने बताया कि इस बार अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की सहायता करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व अन्य अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद पुलिस आयुक्त ने अपने सभी जिला पुलिस उपायुक्त व सीनियर पुलिस अधिकारियों की बैठक बुलाकर ये निर्देश दिए थे।

**अभियान**

बांग्लादेशियों का पता कर उन्हें वापस बांग्लादेश डिपोर्ट करने का अभियान जोरशोर से शुरू किया गया

**उपराज्यपाल ने दिए थे आदेश-**

दिल्ली में रह रहे अवैध प्रवासी बांग्लादेशी लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उपराज्यपाल ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस कमिश्नर को आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि पुलिस कमिश्नर और मुख्य सचिव स्पेशल ड्राइव चलाकर दो महीने के भीतर अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को चिन्हित करें और इनके खिलाफ समयबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाए। पिछले महीने उलेमा और मुस्लिम नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उपराज्यपाल सचिवालय की तरफ से पुलिस आयुक्त को आदेश जारी किया गया था।

# शिक्षा सबसे बड़े बदलाव का केंद्र: उपराष्ट्रपति

## सिरसा के ओढ़ा में माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान तथा जेसीडी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़े बदलाव का केंद्र है। युवा भय मुक्त हों और असफलता से न डरें, असफलता ही सफलता की कुंजी है। पहले प्रयास में अधिकांश लोग सफल नहीं होते हैं, उनको असफल मत कहिए। असफलता का डर भ्रामक है, सोच ऊंची रखिए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करिए। उपराष्ट्रपति ने बुधवार को सिरसा के गांव ओढ़ां में माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान तथा सिरसा में जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ का सिरसा आगमन पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व ट्रस्ट के चेयरमैन पूर्व विधायक अभय सिंह चौटाला सहित अन्य गणमान्य ने स्वागत किया। उन्होंने समारोह में गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया तथा पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी स्व. देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उपराष्ट्रपति ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की याद में बनने वाले स्मृति संग्रहालय की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि भारत की छलांग हर क्षेत्र में दिख रही है। आज के दिन हमारे युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ ही अपने कर्तव्यों का









समाज हित में निर्वहन करें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया, अटल बिहारी वाजपेयी ने जय विज्ञान जोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कदम आगे बढ़ते हुए जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का नारा दिया। हरियाणा की ऊर्जावान भूमि देश को बड़ी

**दीक्षांत समारोह**

▶▶ उपराष्ट्रपति ने सिरसा के गांव ओढ़ां में माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान तथा सिरसा में जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि शिरकत की

ताकत देती है, हरियाणा के युवाओं से दुनिया में भारत का डंका बजता है। उन्होंने कहा कि जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान के साथ जय पहलवान भी कहें। हरियाणा की पहचान अमिट है, यह ऊर्जा स्फूर्ति का केंद्र है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव लाना होगा। ये बदलाव हमारे युवा लाएंगे। धनखड़ ने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की सोच, उनका दर्शन गांव, गरीब व किसान के लिए समर्पित रहा। उनका अटूट संकल्प ग्रामीण व्यवस्था पर था। मेरी दृढ़ मान्यता है कि विकसित भारत आज हमारा सपना नहीं, लक्ष्य है। ओढ़ा व सिरसा के दीक्षांत समारोह में विधायक आदित्य देवीलाल, विधायक अर्जुन चौटाला, मंडलायुक्त ए श्रीनिवास, एडीजीपी एम रवि किरण माटा, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धांत जैन, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, श्रीमती कांता चौटाला, पूर्व मंत्री संपत सिंह, मनिंद्र सिंह बराड़, डा. जय प्रकाश, डा. कुलदीप कौर आनंद सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## बजट में शिक्षा पर विशेष फोकस रहेगा: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को राज्य में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) परिसर की स्थापना के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पहल के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री आज यहां उच्चतर शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर भी उपस्थित थे। बैठक में राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति और रजिस्ट्रार के साथ-साथ विभिन्न जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आईआईटी की स्थापना छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली, विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा प्रदान करने तथा उन्हें इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए की



जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विश्वविद्यालयों में विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करके उच्चतर शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में काम करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी शिक्षण संस्थानों में युवाओं का विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कुलपतियों से न केवल शिक्षा पर बल्कि छात्रों के लिए शोध, नवाचार और कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने इन उद्देश्यों के लिए एक अलग कोष आवंटित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कुलपतियों को छात्रों को अपना स्टार्टअप स्थापित करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज कई युवा बिना किसी शुरूआती निवेश के अच्छी खासी आय अर्जित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार बड़ी संख्या में विदेशी छात्रों को समायोजित करने के लिए विश्वविद्यालयों में विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करके उच्चतर शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में काम करेगी। रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए युवाओं का कौशल विकास आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास के महत्व पर भी

**बैठक**

▶▶ किसी भी मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने पर ओबीसी व एस सी छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है, जिससे हरियाणा भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों कंपनियों के लिए अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए एक पसंदीदा स्थान बन गया है। इस वृद्धि ने उद्योगों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति की मांग पैदा की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने छात्रों को कौशल शिक्षा प्रदान करने के लिए पलवल जिले के दुधोला गांव में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) की स्थापना की है। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि विश्वविद्यालय में वर्तमान में अलग-अलग अवधि के 43 तकनीकी पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

## कर्मचारी चयन आयोग के लिंक अधिकारी नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़**-हरियाणा सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए, आयोग के सचिव की अनुपस्थिति में मानव संसाधन विभाग के महानिदेशक / निदेशक को लिंक अधिकारी-ि जबकि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के ओएसडी को लिंक अधिकारी-ि नियुक्त किया है। सम्बन्धित अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी पर जाने से पहले लिंक अधिकारी को सूचित करेंगे

## सरकार का किसानों के हित में बड़ा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए वर्ष 2024-25 की रबी फसलों के प्रति एकड़ औसत उत्पादन की सीमा में बढ़ोतरी की है। इस निर्णय से किसानों को फायदा होगा, जो प्रति एकड़ संभावित उत्पादन से अधिक पैदावार होने के कारण अपनी फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेच नहीं पाते थे। राज्य सरकार ने किसानों की समस्या को देखते हुए प्रति एकड़ संभावित उत्पादन की सीमा

**उत्पादन**

▶▶ रबी फसलों के प्रति एकड़ औसत उत्पादन की सीमा में की बढ़ोतरी: सीएम नायब सैनी

का अध्ययन करने हेतु कमेटी का गठन किया था और कमेटी द्वारा दिए गए सुझावों को मुख्यमंत्री ने मंजूरी देते हुए प्रति एकड़ औसत उत्पादन की सीमा को तय किया गया है। यह निर्णय रबी खरीद सीजन 2025-26 में प्रभावी होगा। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस निर्णय के अनुसार जौ की फसल उत्पादन सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 16 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है।

चने का औसत उत्पादन सीमा 5 क्विंटल से बढ़ाकर 6 क्विंटल प्रति एकड़ तथा सूरजमुखी का उत्पादन सीमा 8 क्विंटल से बढ़ाकर 9 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। गर्मी में पैदा होने वाली मूंग की फसल का औसत उत्पादन सीमा बढ़ाते हुए 3 क्विंटल से 4 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है

## अवैध खनन करने वालों पर हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की कड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो द्वारा आज अवैध खनन तथा ओवरलोडिंग करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए यमुनानगर जिला में 22 ट्रक चालकों के चालान किए गए। ब्यूरो की टीम द्वारा ये चालान रादौर -लाडवा राष्ट्र राजमार्ग के बीच किए गए। प्रवर्तन ब्यूरो द्वारा की गई इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों को स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया गया है कि प्रदेश में अवैध खनन तथा ओवरलोडिंग करने वाले वाहन चालकों को बख्शा नहीं जाएगा।

## अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस महानिदेशक ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने राज्य अपराध शाखा के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने राज्य अपराध शाखा में लंबित बड़े मामलों को लेकर अब तक की गई कार्रवाई को लेकर अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। बैठक में पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों को लंबित मामलों की जांच समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए। यह बैठक पंचकूला स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित की गई थी। इस बैठक में राज्य अपराध शाखा की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीमती ममता सिंह सहित डीआईजी, एससीबी हामिद अख्तर, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, अमित दहिया, पूजा डाबला, धारणा यादव, संदीप मलिक सहित डीएसपी व इंस्पेक्टरों ने भाग लिया। बैठक में आर्थिक अपराध व भ्रष्टाचार संबंधित बड़े मामलों को लेकर विचार से चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने मामलों में अब तक की गई जांच अथवा पुलिस कार्रवाई के बारे में विस्तार से बताया। कपूर ने कहा कि किसी भी मामले की जांच से पूर्व अधिकारी उसकी जड़ तक जाए और उसका खाका तैयार कर लें कि उन्हें कब, क्या और कैसे मामले की जांच करनी है ताकि दोषी व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई हो सके।

उन्होंने लंबित मामले सुलझाने को लेकर अधिकारियों का मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मामले की जांच निष्पक्ष होनी चाहिए ताकि निर्दोष व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। कपूर ने अधिकारियों से कहा कि वे मामले की जांच को लेकर समय सीमा निर्धारित करें और प्रयास करें कि इस अवधि के दौरान जांच पूरी हो जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीमती ममता सिंह से कहा कि वे एससीबी में लंबित मामलों की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करें ताकि जांच की प्रक्रिया तेज हो सके। मामलों की जांच के लिए कानूनी विशेषज्ञों की भी सलाह ली जा सकती है। कपूर ने कहा कि राज्य अपराध शाखा हरियाणा पुलिस की एक मजबूत व महत्वपूर्ण इकाई है।

## कृषि मंत्री ने किसानों के लिए ऐतिहासिक निर्णय पर सीएम का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में रबी फसलों के औसत उत्पादन की सीमा में बढ़ोतरी करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और वे अपनी फसल का उचित लाभ प्राप्त कर सकेंगे। राणा ने कहा कि यह निर्णय किसानों की आय बढ़ाने और उनकी फसलों के बेहतर विपणन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस

**किसान हितैषी**

▶▶ सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी

फैसले से न केवल किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य मिलेगा, बल्कि हरियाणा को कृषि क्षेत्र में और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार किसानों की बेहतरी के लिए काम कर रही है।

## नागरिक उड्डयन ढांचा मजबूत करने पर जोर: गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने प्रदेश में नागरिक उड्डयन से संबंधित आधारभूत ढांचा मजबूत करने पर जोर दिया है। गोयल ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभाग से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नागरिक उड्डयन मंत्री ने हिसार एयरपोर्ट के संचालन के संबंध में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाइसेंस मिलने के बाद लैंडिंग ट्रायल जल्द से जल्द शुरू कराया जाए ताकि कम से कम समय में एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू हो



सकें। उन्होंने अंबाला एयरपोर्ट और नारनौल के एयरो स्पोर्ट्स हब के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। मंत्री विपुल गोयल ने गुरुग्राम, हिसार और फरीदाबाद से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के संबंध में भी अपडेट लिए और आवश्यक कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि सालासर और खाटू श्याम धाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के लिए राजस्थान सरकार से बातचीत

**समीक्षा की**

▶▶ विभाग से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कर सीकर में स्थाई हेलीपैड बनाया जाएगा। मंत्री विपुल गोयल ने इस दौरान विभाग से सम्बंधित कई अन्य विषयों पर भी चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.इस अवसर पर विभाग के सलाहकार एवं विशेष सचिव नरहरि सिंह बांगड़ के अलावा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## राशन और तेल की सप्लाई समय पर सुनिश्चित करें अधिकारी: राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने आज यहां विभाग के उच्च अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली। नागर ने बैठक में अधिकारियों के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को राशन तथा सरसों का तेल समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन डिपुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री ने कहा कि



नए राशन डिपो अलॉट करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि राशन डिपुओं पर नई पोस मशीनें लगाने का कार्य पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स के माध्यम से करवाने हेतु टेंडर प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। इसे जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए। बैठक में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के तहत फोर्टीफाइड आटे का वितरण फिर से आरम्भ करने के बारे में भी चर्चा की गई।

## महिला सरपंच को रात में बुलाने की शिकायत पर बीडीपीओ निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महिला सरपंच को रात में बुलाने वाले खंड विकास और पंचायत अधिकारी को बुधवार को विभाग ने निलंबित कर दिया। सरपंच एसोसिएशन ने मंगलवार को आरोपी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। इसके बाद बीडीपीओ पर कार्रवाई को गई।

महिला सरपंच और बीडीपीओ के बीच 3 मार्च को विवाद हुआ था। पेड़ काटने से जुड़े मामले में सरपंच को कार्यालय में बुलाया गया था। सरपंच के पति ने आरोप लगाए के अधिकारी ने पेड़ के केस को रफा-दफा करने के मामले में उनसे 1 लाख रुपए मांगे।

बीडीपीओ ने आरोप लगाया था कि सरपंच पति ने उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस कारण उसका ब्लड प्रेशर बढ़ गया और अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

शाहाबाद के गांव की सरपंच ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि पेड़ काटने के मामले में एक अधिकारी ने उनको समन भेजकर 3 मार्च की दोपहर अपने कार्यालय में बुलाया था। वह अपने पति के साथ करीब 2 बजे अधिकारी के कार्यालय में पहुंची। पति को साथ देखकर अधिकारी भड़क गया और पति को बाहर भेजने की धमकी दी। उसने पति को बाहर जाने से मना कर दिया, जिस पर अधिकारी भड़क गया और उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर अधिकारी ने उनके पति को स्टाफ

**कार्रवाई**

▶▶ आरोपी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी।

कर्मियों को बुलाकर जबरन बाहर भेजने की धमकी दी। बाहर नहीं जाने पर अधिकारी मारपीट करने पर उतर आया।

सरपंच के पति ने आरोप लगाया कि आरोपी बीडीपीओ उसकी पत्नी को कई बार अकेले में मिलने के लिए फोन करता था। 3 मार्च को अधिकारी के कार्यालय में हुई घटना के बाद उसकी पत्नी ने उसे यह बात बताई। आरोपी ने उसकी पत्नी को रात को अकेले में कुरुक्षेत्र आकर मिलने को कहा।

आरोपी अधिकारी पेड़ काटने के मामले को रफा-दफा करने के लिए 1 लाख रुपए और मांग रहा था। कुछ समय पहले उन्होंने अधिकारी को 1 लाख रुपए दिए भी थे, जबकि मामला डीसी कोर्ट ने निपटा दिया था। अब अधिकारी उस पर 1 लाख रुपए और उसकी पत्नी पर अकेले में मिलने का दबाव बना रहा था। मामले से जुड़ी ऑडियो भी उनके पास मौजूद हैं। इउ्ढड नरेंद्र कुमार ने बताया कि शाहाबाद की ग्राम पंचायत के खिलाफ बरगद का पेड़ काटने के संबंध में शिकायत उट विंडो पर आई थी। इस शिकायत की जांच के लिए सरपंच को 3 मार्च की दोपहर 2 बजे खंड कार्यालय में बुलाया गया था। महिला सरपंच के साथ उनके पति को जांच में बैठने की अनुमति दी थी, लेकिन जांच शुरू होते सरपंच का पति उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगा। सरपंच का पति उन पर 1 लाख रुपए रिश्वत लेने का झूठा आरोप लगा रहा है। साथ ही उन पर सरपंचों को जानबूझ कर निलंबित करने का आरोप भी लगाया। सरपंच पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी और अपने साथियों को मौके पर बुलाने के लिए फोन भी किया। ये बात सुनकर उसका ब्लड प्रेशर बढ़ गया, जिससे उनकी तबीयत खराब होने पर साथी कर्मी ने उसे सी एच सी शाहाबाद पहुंचाया। उसने भी सरपंच पति के खिलाफ शाहबाद थाने में सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और धमकी देने की शिकायत दी है।

# इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल में हुआ 38वें दीक्षांत समारोह का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल द्वारा अपना 38वां दीक्षांत समारोह सीएसएसआरआई के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद समारोह के मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती। ज्ञान किसी भी उम्र में प्राप्त किया जा सकता है। इस कहावत को साबित कर दिखाया है देश में शिक्षा की अलख जगा रहे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने। आज करनाल में आयोजित 38वें दीक्षांत समारोह में लगभग 300 विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा की डिग्री हासिल की। मुक्त विश्वविद्यालय के रूप में पहचान बनाने वाला इग्नू आज देशभर के लाखों लोगों में शिक्षा की अलख जगा रहा है।
इस अवसर पर जहां नई दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्चुअल मोड में शिरकत की, वहीं करनाल में आयोजित दीक्षांत समारोह में हरियाणा तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ.राजेश गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। डॉ. धर्मपाल ने बताया कि आज इग्नू का दीक्षांत समारोह देश के 39 क्षेत्रीय केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 3 लाख 17 हजार छात्रों को डिग्रियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि करनाल क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत लगभग 22500 विद्यार्थी डिग्री पाने के लिए योग्य हैं । इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल का नामांकन और अधिक बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इग्नू विश्वविद्यालय व्यावसायिक और कौशल आधारित शिक्षा के साथ शिक्षार्थियों को सशक्त बनाने, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों को सुनिश्चित करने तथा विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने के लिए एक कुशल कार्यबल में योगदान देने के लिए कार्य कर रहा है।
दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ.राजेश गोयल ने कहा यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है। आज का युवा अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बनना चाहता और इग्नू ऐसे सभी युवाओं को मौका देती है कि वह अपने काम काज करते करते इग्नू से उच्च शिक्षा भी ले सकते हैं। आज अनेकों ऐसे विद्यार्थी हैं, जो इग्नू के माध्यम से उच्च शिक्षा हासिल कर करके डिग्री प्राप्त कर रहे है साथ में अपना काम काज या कॉम्पिटिशन परीक्षाओं की तयारी कर रहे है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपना स्टार्टअप और उद्यमिता की और अपना ध्यान केंद्रित करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डा.राजेश गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह की एक विशेष अहमियत होती है। आज एक ऐसा दिन है जब हम अपने विद्यार्थियों की सफलता

# अवैध खनन रोकने गई विभाग की टीम को 20 से 25 व्यक्तियों ने घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**मंगलवार** देर रात खनन विभाग की टीम द्वारा यमुना नदी के पास बसे गांव गोयला कलां में अवैध खनन की सूचना मिलने पर निरीक्षण करने के पश्चात वहां लाठी डंडों से लैस 20 से 25 व्यक्तियों ने टीम को घेर लिया। जिससे बड़ी मुश्किल से टीम वहां से अपनी जान बचाकर भागी। उनमें से कुछ एक व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है जिनके विरुद्ध खनन अधिकारी द्वारा बापौली थाना में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है।

जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने जानकारी देते हुए बताया की वह अपने विभाग के खनन रक्षक विजय सिंह और संजीव कुमार के साथ-साथ पुलिस विभाग के हैड कास्टेबल नवीन कुमार के साथ मंगलवार देर रात करीब 9:30 बजे यमुना नदी के आसपास अवैध खनन को लेकर औचक निरीक्षण करने गए थे। जब वह गोयला कलां गांव में अवैध खनन की सूचना मिलने पर पहुंचे तो उन्हें वहां अवैध खान के ताजा निशान मिले लेकिन कोई वाहन




नजर नहीं आया। निरीक्षण उपरांत जब वे वापस यमुना बांध के पास पहुंचे तो उनकी सरकारी गाड़ी के आगे कुछ एक व्यक्तियों ने अपनी गाड़ी लगा दी और 20 से 25 व्यक्ति जो की लाठी डंडों से लैस थे उन्होंने हेड कांस्टेबल नवीन को नीचे उतार लिया और दुर्व्यवहार करने लगे। उन्होंने कहा कि यह हमारे गांव की नदी है इसमें हमारा अवैध खान ऐसे ही होगा और हमारे ट्रैक्टर रोक के दिखाओ। वह बड़ी मुश्किल से वहां से जान बचाकर भागे। फिर मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर गोयला कलां वासी रोहित उर्फ भोला, अनुज पुत्र पाले राम, संजय उर्फ भूरा, नीटू सचिन और कपिल के साथ-साथ जलमाना वासी सचिन पुत्र कटारा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।

उन्होंने इसकी एक प्रति उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक और महानिदेशक खनन विभाग को भी प्रेषित की है। निरंजन लाल ने बताया कि जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए निरंतर औचक निरीक्षण जारी हैं और उसी के तहत बुधवार को गांव मांडी की तरफ से आ रहे एक ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया है जिस पर 2 लाख 15 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

# रेलवे स्टेशन पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**शिनाख्त नहीं**

**मृतक की पहचान नहीं हो पाई है और उसकी उम्र करीब 55 साल बताई जा रही है। उसका रंग गोरा है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले रेलवे स्टेशन पर इन्क्वायरी डेस्क के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हडकंप मच गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है और उसकी उम्र करीब 55 साल बताई जा रही है। उसका रंग गौरा है और लंबी दाढ़ी है। उसने नीले और काले रंग के कपड़े पहने हुए थे।
जीआरपी पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से ऐसा कोई डॉक्यूमेंट नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। शुरूआती जांच में मृतक किसी भिखारी जैसा लग रहा है। पुलिस का मानना है कि यह मांगने खाने वाला व्यक्ति हो सकता है। फिलहाल शव को पहचान के लिए रखा गया है और अगर 72 घंटे में कोई इसकी शिनाख्त करने नहीं आता है तो उसका दाह संस्कार करवा दिया जाएगा।
जीआरपी करनाल में तैनात सब-इंस्पेक्टर सोहन लाल ने बताया कि जीआरपी पुलिस के जवान रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर इन्क्वायरी काउंटर के बाहर पड़े व्यक्ति पर पड़ी। जवानों ने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन उसमें कोई हलचल नहीं थी। इसके बाद स्टेशन मास्टर को जानकारी दी गई और जीआरपी पुलिस को मीमो प्राप्त हुआ। पुलिस जांच के दौरान मृतक के दाहिने हाथ में लोहे का कड़ा पहना हुआ पाया गया। उसके हुलिए और हालत को देखकर पुलिस को अंदाजा है कि वह भिखारी हो सकता है। शव को शवगृह करनाल में रखवा दिया गया है और अगर 72 घंटे तक उसकी पहचान नहीं होती है तो पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# शादी के कुछ महीने बाद ही विवाहिता को घर से निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में शादी के कुछ महीनों बाद ही एक नवविवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और घर से निकालने का मामला सामने आया है। नवविवाहिता ने अपने पति, ससुर, सास, जेठ, देवरए, ननद और ननदोई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने थाना निगदू में दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 12 मार्च 2024 को गांव रंबा निवासी सागर से हुई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने ससुराल पक्ष पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि बीती 15 जुलाई को उसकी सास ने जबरन उसके गहने लेने की कोशिश की। जब उसने इसका कारण पूछा तो सास ने धमकाना शुरू कर दिया।

# पदक जीतने पर अंतर्राष्ट्रीय एथलीट राजेश खन्ना को आरके




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केरल के त्रिशूर में आयोजित छठी राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में राजेश खन्ना ने 50 प्लस केटेगरी में 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में 1 सिल्वर और 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में 1 ब्रांज मेडल जीता। अब उनका चयन वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स जो ताईपे ताइवान में मई 2025 में आयोजित होगी, के लिए हो गया है।
राजेश खन्ना की इस उपलब्धि पर आरके ज्वैलर्स के संचालक दिनेश गुलाटी ने उन्हें सम्मानित किया और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। राजेश खन्ना भारतीय वायु सेना से रिटायर्ड हैं। फिलहाल वह एल्डिको कंपनी पानीपत में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले भी वह कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं।

## इवीएम की लाइव फुटेज की एलइडी बंद

**करनाल। करनाल** के सेक्टर-14 स्थित राजकीय महाविद्यालय में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यहां लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज दिखाने वाली एलईडी स्क्रीन ने अचानक काम करना बंद कर दिया, जिससे मेयर और पार्षद प्रत्याशियों ने सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **दलीप उर्फ ढीला पुत्रः सुरेश,** पताः मकान नं. सी152, नियर होली चौक टिगारी रोड, संगम विहार, नई दिल्ली, **FIR No. 381/2017, U/s 454/380/34 IPC,** थानाः पटेल नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दलीप उर्फ ढीला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दलीप उर्फ ढीला** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 381/2017, U/s 454/380/34 IPC,** थानाः पटेल नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दलीप उर्फ ढीला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आकृति महेन्द्रू, एलडी.**
**एसीजेएम, पश्चिम, कमरा नं. 145**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2822/CD/2025**
**(Court Matter)**

# शिविर में आ रही लोगो की समस्याओं का जल्द हो निपटान




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों का निपटान प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। इसके साथ-साथ कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर उनके कार्यालय में आता है तो वे उस शिकायत का भी प्राथमिकता से समाधान करें। सीएम विंडो के तहत जो शिकायत प्राप्त होती है उसका भी समयबद्ध तरीके से समाधान करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर अपने कार्यालय में विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।
उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के साथ-साथ सीएम विंडो के तहत प्राप्त हो रही शिकायतों का निपटान करने में सभी सम्बन्धित विभाग बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी शिकायत समाधान शिविर के माध्यम से या जन संवाद के माध्यम से प्राप्त हुई है उन शिकायतों का भी वे बेहतर समन्वय के साथ निपटान करें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने एंजैडे में रखे विभागों से सम्बन्धित कार्यों बारे बिंदुवार विस्तार से समीक्षा की।

# गुजरात कृषि विवि. के वैज्ञानिक और छात्रों ने ली प्राकृतिक कृषि की विधिवत ट्रेनिंग

**ट्रेनिंग**

**कृषि विशेषज्ञ एवं पीजी स्टूडेंट्स ने प्राकृतिक खेती की विधिवत चार दिन की ट्रेनिंग ली**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण केन्द्र में गुजरात प्राकृतिक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, हलोल के विस्तार शिक्षा निदेशक रश्मीकान्त अनंत्रे सहित कृषि विशेषज्ञ एवं पीजी स्टूडेंट्स ने प्राकृतिक खेती की विधिवत चार दिन की ट्रेनिंग ली, साथ ही फार्म का दौरा कर वहां पर स्थित मिश्रित फसल व सब्जियों के मॉडल देखें। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक पदम्श्री डॉ. हरिओम के मार्गदर्शन में गुजरात से पधारे इस दल को प्राकृतिक खेती के सभी पहलुओं से परिचित कराया गया जबकि ट्रेनिंग के दौरान डॉ. बलजीत सहारण, डॉ. विजय, डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. मनीषा का विशेष सहयोग रहा।
गुरुकुल के व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने बताया कि महामहिम राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी के दिशा-निर्देशन में पूरे देश में प्राकृतिक खेती के विस्तार हेतु प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुजरात से हलोल कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. प्रभु नायका, डॉ. एसपी देशमुख, डॉ. कृष्ण, डॉ. अल्पेश बीमानी सहित अनेक कृषि विशेषज्ञों ने गुरुकुल में ट्रेनिंग प्राप्त की। इसके अलावा पीजी स्टूडेंट केशवाला भूमि, जय पटेल, विशाल वायलू, दक्ष पटेल, महेन्द्र मेवादा, मौली पटेल, श्रद्धा चौधरी भी इस ट्रेनिंग कैम्प में शामिल हुए और प्राकृतिक खेती में हो रहे नवीन प्रयोगों को करीब से देखा। इसी दल में दिल्ली से कृषि विशेषज्ञ धूमसिंह, दिनेश कुमार, रविन्द्र सिंह आदि ने भी ट्रेनिंग ली।
डॉ. हरिओम ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है और धीरे-धीरे किसानों का विश्वास प्राकृतिक खेती में बढ़ता जा रहा है। आचार्यश्री के प्रयास से पहले हिमाचल, अब गुजरात और धीरे-धीरे पूरे देश में प्राकृतिक खेती को किसान अपना रहे हैं।

## उत्तर रेलवे

**'एक स्टेशन एक उत्पाद'**
**योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैः**

क) **कुल सात (07) स्टॉलः** दिल्ली, गाजियाबाद, समालखा, सोनीपत, मेरठ कैंट, बहादुरगढ़ और गुड़गाँव स्टेशनों पर।
ख) **कुल छब्बीस (26) ट्रालीः** आनंद विहार टर्मिनल, बादली, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, देवबंद फरीदाबाद, जाखल, जींद, मानसा, नरवाना, टोहाना, खतौली, मुरादनगर, नरेला, ओखला, पालम, सकोटी टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।
- गाजियाबाद, समालखा, सोनीपत, गुड़गांव, बहादुरगढ़ और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर **ट्रॉली** स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (बादली, दिल्ली किशनगंज, देवबंद, जाखल, जींद, मानसा, नरवाना, टोहाना, मुरादनगर, खतौली, ओखला, शामली, टपरी, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकोटी टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैंः–

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) /राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित /पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 11.03.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।

इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। **715/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# निगम चुनाव को शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न कराने के मद्देनजर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल कुलदीप यादव आईपीएस अपने पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को पहली बार पानीपत पहुंचे। उनके आगमन पर पानीपत पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने पौधा देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी राजबीर सिंह, डीएसपी नरेंद्र सिंह व डीएसपी सुरेश कुमार सैनी भी बैठक में मौजूद रहें।

निगम चुनाव की तैयारियों का लिया फिडबैक

पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल कुलदीप यादव ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी लोकेंद्र सिंह के साथ अधिकारियों की बैठक लेकर निगम चुनाव के



दौरान किये जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली और समीक्षा उपरांत जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस अधिकारियों को चुनाव निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न कराने के लिए समय रहते सारी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए।

**जिले में अपराध की स्थिति की समीक्षा की***

पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल कुलदीप यादव ने बैठक के दौरान जिले में अपराध की स्थिति की गहन समीक्षा की और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों को जल्द निपटाने अपराध पर सख्ती से अंकुश लगाने और

**दिशा-निर्देश**

**अपराध पर सख्ती से अंकुश लगाने कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया**

कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। और पुलिस अधिकारियों को सर्तक रहने और जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को सक्रिय रहकर अपराधियों पर लगाम कसनी होगी, ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे।

***नशा तस्करों पर और प्रभावी तरिके से कार्रवाई करे***

पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल कुलदीप यादव ने कहा कि नशा तस्करी पर और अधिक प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जाए। इसमे आमजन का भी सहयोग लिया जाए। नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए नशा तस्कर को काबू करने के साथ सप्लायर को भी काबू करें। इसके साथ ही नशा तस्करों द्वारा नशे की काली कमाई से अर्जित की अवैध संपत्ति को चिन्हित कर अटेच करने की प्रक्रिया अमल में लेकर आए।
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक कुलदीप यादव को आश्वस्त किया की निगम चुनाव को जिला पुलिस द्वारा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में सपन्न कराया जाएगा। इस संबंध में उनके द्वारा जिला के सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष रूप से दिशा निदेश दिए है।

## ससुराल वालों पर लगाया मासूम को जबरन छीनकर ले जाने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के कस्बा इंद्री में एक महिला ने अपने ससुराल वालों पर उसके दो साल के बेटे को जबरन छीनकर ले जाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोमल ने बताया कि परिवार अंतिम संस्कार में गया था, तभी ससुराल पक्ष के लोग घर में घुसे और बच्चे को छीनकर फरार हो गए। उन्होंने धमकी दी कि जो करना है कर लो, बच्चे को मार देंगे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण की धारा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता कोमल ने बताया कि वह अपने मायके गढ़ी बीरबल में रह रही है।

## संपादकीय

# हर क्षण के महत्व को समझें

**जब जब** मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। मनुष्य के जीवन में प्रगति विकास और परिवर्तन ही जीवन का असली गुंजन है, और यही विजय यात्रा की ओर मनुष्य, समाज तथा देश को अग्रसर करता है।

अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस "आई हैव ए ड्रीम "की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था "यस वी कैन" ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था .जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है। परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है।

# आखिर क्यों लोग वोट देने क्यों नहीं निकल रहे?



-डॉ सत्यवान सौरभ

"यह मतदान गिरावट में योगदान देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। राजनीति की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि मतदाता अक्सर नेताओं में अपनी पसंद पर सवाल उठाते हैं। एक राजनेता कई सालों तक किसी पार्टी के साथ रह सकता है, सत्ता के लाभों का आनंद ले सकता है, लेकिन जब उन्हें आगामी चुनावों में संभावित हार का आभास होता है, तो वे पार्टी बदल लेते हैं और उसी संगठन की आलोचना करना शुरू कर देते हैं जिसका वे इतने लंबे समय तक हिस्सा रहे हैं। इस व्यवहार ने मतदाताओं का अपने नेताओं पर भरोसा खत्म कर दिया है, जो हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए परेशान करने वाला है। आजादी के पचहत्तर साल बाद, दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना लोकतंत्र भारत, लोकतंत्र में कम होते विश्वास के बारे में वैश्विक चिंताओं का सामना कर रहा है"

**क्या नागरिक** कथित राजनीतिक तानाशाही से उत्पीड़ित महसूस कर रहे हैं और ब्रिटिश राज की याद कर रहे हैं? क्या लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया में रुचि कम हो रही है? ये ज्वलंत प्रश्न समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उठाए जा रहे हैं, जो चुनावों में मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट से उजागर होते हैं। चुनाव आयोग के सामने एक बड़ी चुनौती है कि इस क्षेत्र में मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करने के तरीके खोजना आवश्यक है। उच्च मतदान प्रतिशत प्राप्त करने के लिए, मतदाता जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इसे राजनीतिक विमर्श को ऊपर उठाने के साथ-साथ चलना चाहिए। ये दोनों पहलू आपस में जुड़े हुए हैं; राजनीति की गुणवत्ता में सुधार किए बिना, मतदाताओं को लुभाने के प्रयास परिणाम नहीं दे सकते हैं। यदि हम लोकतंत्र को जीवंत और सार्थक रखना चाहते हैं, तो हम सभी को बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। चुनाव हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। मतदान केवल एक अधिकार नहीं है; यह एक मौलिक कर्तव्य है जिसे हम एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के रूप में निभाते हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि मतदान का दिन केवल छुट्टी या मौज-मस्ती का मौका नहीं है; यह हमारे देश के नेताओं और सरकार को चुनने की गंभीर जिम्मेदारी भी निभाता है, एक ऐसी जिम्मेदारी जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। राजनीति और लोकतंत्र की ताकत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में निहित है। आखिरकार, मतदान एक महत्वपूर्ण शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है, और हर मतदाता के लिए इसे पहचानना महत्वपूर्ण है। राष्ट्र हमारा है, और हमारा लोकतंत्र भी हमारा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में, वोट की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस शक्ति से हम अपना और अपने बच्चों का भविष्य संवारते हैं। इसलिए, 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह चुनाव में भाग ले। मतदान न करने का विकल्प चुनना अनिवार्य रूप से इस लोकतांत्रिक दायित्व से विमुख होना है। हर मतदाता को अपने व्यस्त जीवन के बावजूद भी चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास करना चाहिए। जिस तरह लोग सुख और समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए पूजा स्थलों पर जाने के लिए समय निकालते हैं, उसी तरह हमें संसद को अपने लोकतंत्र के पवित्र स्थान के रूप में देखना चाहिए। चुनाव इस लोकतंत्र का उत्सव है, और मतदान की अपनी जिम्मेदारी को पूरा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य से, कई आम नागरिकों, खासकर युवाओं, जो हमारे देश का भविष्य हैं, के लिए मतदान करना प्राथमिकता से कम हो गया है। वे अक्सर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से सच्चे उत्साह और देशभक्ति के साथ जुड़ने में विफल रहते हैं। कई कामकाजी लोग अपने परिवार के साथ मतदान दिवस का आनंद लेने के लिए उत्सुक रहते हैं, लेकिन युवाओं के लिए मतदान अक्सर पीछे छूट जाता है। उनकी मानसिकता यह होती है, "अगर छुट्टियों के मौज-मस्ती के दौरान मेरे पास समय होगा, तो मैं मतदान करूंगा," और अगर उन्हें मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें मिलती हैं, तो वे इस विचार को पूरी तरह से त्याग सकते हैं। यह प्रवृत्ति दशार्ती है कि युवा पीढ़ी के लिए मतदान प्राथमिकता नहीं है, और नागरिक कर्तव्य के महत्व को समझाने के बुजुर्गों के प्रयासों के बावजूद, उनकी सलाह अक्सर अनसुनी हो जाती है।

यह मतदान गिरावट में योगदान देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। राजनीति की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि मतदाता अक्सर नेताओं में अपनी पसंद पर सवाल उठाते हैं। एक राजनेता कई सालों तक किसी पार्टी के साथ रह सकता है, सत्ता के लाभों का आनंद ले सकता है, लेकिन जब उन्हें आगामी चुनावों में संभावित हार का आभास होता है, तो वे पार्टी बदल लेते हैं और उसी संगठन की आलोचना करना शुरू कर देते हैं जिसका वे इतने लंबे समय तक हिस्सा रहे हैं। इस व्यवहार ने मतदाताओं का अपने नेताओं पर भरोसा खत्म कर दिया है, जो हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए परेशान करने वाला है। आजादी के पचहत्तर साल बाद, दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना लोकतंत्र भारत, लोकतंत्र में कम होते विश्वास के बारे में वैश्विक चिंताओं का सामना कर रहा है। क्या नागरिक कथित राजनीतिक तानाशाही से उत्पीड़ित महसूस कर रहे हैं और ब्रिटिश राज की याद कर रहे हैं? क्या लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया में रुचि कम हो रही है? ये ज्वलंत प्रश्न समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उठाए जा रहे हैं, जो चुनावों में मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट से उजागर होते हैं। इस मुद्दे की जड़ केवल युवा मतदाता नहीं हैं; यह नई पीढ़ी में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना पैदा करने में सामूहिक विफलता है। अगर ये मूल्य घर पर उनकी प्रारंभिक शिक्षा का हिस्सा होते, तो शायद आज हम इस स्थिति का सामना नहीं कर रहे होते। अगर हम देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर विचार करने के लिए एक पल भी निकालें, तो हम खुद को कमतर पा सकते हैं। दैनिक जीवन की भागदौड़ में, हम अक्सर अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर विचार करना भूल जाते हैं। हालाँकि, हमारे पास अभी भी अपने निजी मुद्दों के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार करने का समय है। हमें अपने देश की वर्तमान राजनीतिक दिशा पर गंभीरता से विचार करना चाहिए; अन्यथा, हम पुरानी कहावत को दोहराने का जोखिम उठाते हैं, "'अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत'? राजनीति में सिद्धांतों को प्राथमिकता देना जरूरी है। राजनीतिक कार्रवाइयों में हमेशा राष्ट्र की भलाई को ध्यान में रखना चाहिए। पार्टी बदलने से पहले हमें यह सोचना चाहिए कि यह फैसला हमारे समर्थकों को कैसे प्रभावित करेगा। नेता तो जल्दी बदल सकते हैं, लेकिन मतदाताओं का दिल जीतने में समय लगता है। मतदान में वृद्धि के लिए नेताओं को मतदाताओं की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने से बचना चाहिए। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए राजनीति में मजबूत आदर्शों की स्थापना की जरूरत है, जिससे मतदाताओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। हमें ऐसा माहौल बनाने की जरूरत है जहाँ मतदाता स्वेच्छा से मतदान करने के लिए प्रेरित हों।

यह केवल राजनीतिक व्यवस्था को बेहतर बनाकर ही हासिल किया जा सकता है। राजनीतिक परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अवसरवादी नेताओं को दूर रखा जाए, ताकि जनता के बीच पार्टी के प्रति सम्मान की भावना बढ़े।

## कविता

**हर भाषा में गूँजते गीत।**

**हर भाषा में हैं गूंजते**

**प्रेम के गीत अनूठे,**

**रचयिता भी इस तन का**

**वही हुआ उसके मन का,**

**किसे ना भाती अपनी छांव**

**चली गंगा में जब मन की नाव।**

**किसे ना भाती अपनी छवि,**

**अपनी रचना अपनी कृति**

**यही है जग की पुरातन रीति,**

**भाती सबको जग की प्रीति।**

संजीव

## वनतारा के शेर और राजनीति के छावा

**राकेश अचल**

**आज आप फिर** कहेंगे कि मै घूम-फिरकर शेरों और छावा पर आ गया ,सवाल ये है कि मै करूँ तो करूँ क्या ? मै डोनाल्ड ट्रम्प से चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग की तरह पंगा ले नहीं सकत। नहीं कह सकता की ' टैरिफ वार हो या असली वार हम अंत तक लड़ने को तैयार हैं। शी जिन पिंग ने जो कहा यदि यही बात हमारे विश्वगुरु कहते तो मै उन्हें घी-शक्कर खिलाता,लेकिन उन्होंने तो कुछ कहने के बजाय वनतारा जाना पसंद किया। ये उनका निजी मामला है इसलिए मै कुछ कहना नहीं चाहता। आजकल राजनीति में इतिहास के छावा तलाशे जा रहे हैं। पहले डोनाल्ड ट्रम्प से टकराने वाले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की मुझे राजनीति के छावा लगे लेकिन अब इस फेहरिश्त में चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग का नाम भी जुड़ गया है। मामला राष्ट्रीय होकर भी अंतर्राष्ट्रीय हो गया है। हमारे छावा आजकल ट्रम्प से भिड़ने का साहस जुटाने या दिखने के बजाय अपने गृहराज्य गुजरात में वनतारा के प्रवास पर हैं। सिंहों की तस्वीरें उतार रहे हैं, सिंह शावकों यानि छावाओं को बोतल से दूध पिला रहे हैं। उनका दिल करुणा से सराबोर है। वे किसानों से ज्यादा वन्य प्राणियों का ख्याल रखते हैं ,इसीलिए मै उनका हृदयतल से सम्मान करता हूँ। लेकिन ट्रम्प के समाने मुझे अपने नेता का भीगी बिल्ली बनना बिलकुल रास नहीं आता। आपको आता है तो मुझे कुछ नहीं कहना,किन्तु मै तो अपनी बात कर रहा हूँ। मेरी बात सबके मन की बात हो ये जरूरी नहीं। मन की बात ,मन की होती है जन-जन के मन की नहीं होती,ये हम मन की बात के 100 से ज्यादा एपिसोड देखकर जान गए हैं। आपको पता है कि इस समय अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प साहब ने सहित युद्ध के बजाय दुनिया को टैरिफ युद्ध की सौगात दी है। ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको के साथ ही चीन पर ही नहीं हमारे भारत पर भी अतिरिक्?त टैरिफ लगाया है. अमेरिका के इस कदम से चीन आगबबूला हो गया है। लेकिन हमने अपने आपको आग-बबूला नहीं होने दिया। इधर जैसे ही अमेरिका ने चीन से निर्यात होने वाले माल पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया ,उधर बीजिंग की तरफ से भी जवाबी कार्रवाई की गई। चीन भी अब अमेरिका से आने वाले होने वाले सामान पर 10 से 15 फीसद तक का टैरिफ लगाने जा रहा है। इससे अब दुनिया की दो महाशक्तियों के बीच ऐलान -ऐ- ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। चीन ने ट्रंप सरकार को खुले तौर पर युद्ध की भी धमकी दे डाली है। चीन का कहना है कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है (चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई और युद्ध) तो हम अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं। दरअसल भारत और चीन में यही फर्क है। चीन का राष्ट्रवाद भारत और अमेरिका के राष्ट्रवाद से अलग है। हम संकट के समय में वनतारा में मन की शांति तलाश करते हैं लेकिन चीन मोचाबंदी करता है।

## विचार

# भारतीय टीम का शानदार और जानदार प्रदर्शन

**सुनील कुमार महला**

**हाल** ही में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत ने फाइनल में जगह बना ली है, यह बहुत ही काबिले-तारीफ है।भारत की इस शानदार जीत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं ने बधाई दी है। गौरतलब है कि श्री शाह ने टीम के कौशल और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की, जबकि अन्य नेताओं ने टीम के प्रदर्शन को सराहा और फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं। भारतीय क्रिकेट टीम के इस दमदार प्रदर्शन के साथ रोहित शर्मा आईसीसी के सभी टूनामेंट्स के फाइनल में टीम को पहुंचाने वाले पहले कप्तान बन गए। उन्होंने कप्तानी के मामले में दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी को भी पीछे छोड़ दिया। इसके लिए भारतीय टीम विशेष बधाई और साधुवाद की पात्र है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत वर्ष 2007 टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन बना। इसके बाद वर्ष 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीता तथा वर्ष 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भी जीता। इसके अलावा, वर्ष 2014 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। यहां यह उल्लेखनीय है कि बतौर कप्तान धोनी ने आईसीसी टूनामेंट के सात सालों में चार फाइनल मैच खेले हैं। धोनी और रोहित के अलावा रिकी पोंटिंग आईसीसी टूनामेंट के 4 फाइनल खेलने वाले कप्तान हैं। 2003 और 2007 वनडे वर्ल्ड कप के अलावा 2006 और 2009 चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को चैंपियन बनाया।पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मंगलवार, 4 मार्च को दुबई में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली है और अब फाइनल में भारत का सामना 5 मार्च को न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा। गौरतलब है कि 21 महीने के दौरान 4 आईसीसी टूनामेंट में भारतीय टीम 21 मैच खेली है और वह सिर्फ 2 मैच हारी है। यह भारतीय टीम का बहुत ही शानदार और जानदार प्रदर्शन है। गौरतलब है कि ये दोनों ही मैच फाइनल थे और विरोधी टीम भी ऑस्ट्रेलिया ही थी। वैसे तो सभी भारतीय खिलाड़ियों ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन मोहम्मद शमी, विराट कोहली,श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और केएल राहुल की मैच जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कहना चाहूंगा कि कि अब सभी की निगाहें अब 5 मार्च को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल पर टिकी हैं, जहां न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका की टीमें आपस में भिड़ेंगी। कहना गलत नहीं होगा कि भारत अब पूरी तैयारी के साथ फाइनल जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगा। भारत की जीत से ये भी कंफर्म हो गया कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल दुबई में खेला जाएगा।भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में चेज मास्टर विराट कोहली की 84 रन की बेहतरीन पारी के दम पर मंगलवार (4 मार्च) को ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने 21 महीने में लगातार चौथे आईसीसी टूनामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम भले ही अबतक 1 बार चैंपियन बनी हो, लेकिन उसका प्रदर्शन किसी चैंपियन टीम से कम नहीं रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में जून 2024 में अजेय रहते हुए भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप का खिताब भी जीता था। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय टीम का चैंपियंस ट्रॉफी में काफी दमदार प्रदर्शन रहा है। इतना शानदार कि भारत अब तक नौ में से पांच संस्करणों के फाइनल में पहुंच चुका है। कितनी बड़ी बात है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबले में तीसरी बार हराया है। इससे पहले वर्ष 1998 और वर्ष 2000 में क्वार्टर फाइनल में हराया था। कहना चाहूंगा कि आईसीसी वनडे टूनामेंट में भारत ने पिछले 14 साल में शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2011 में वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद वर्ष 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**

**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कांशी राम की विरासत और मायावती की तर्ज-

**निर्मल रानी**

**1980 के** दशक में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम घूम कर भारतीय समाज को 85 : 15 का जनसँख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था - वोट हमारा,राज तुम्हारा - नहीं चलेगा,नहीं चलेगा। जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज होता गया। यहाँ तक कि 'तिलक,तराजू और तलवार जैसा 'अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में खूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गये। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नये राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि - "मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी कतार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी।" तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्रायः देखी जाने लगीं तथा उनके 'क्रन्तिकारी ' व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे। कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुये कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें 'बहन जी ' के नाम से बुलाया जाने लगा।

## लोकतंत्र बिकाऊ है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

आदरणीय कठपुतलियों और अदृश्य डोरियों के स्वामियों, आप सभी का इस शिष आयोजन में स्वागत है। आज हम सब यहां एक अद्भुत और अनोखी प्रथा का उत्सव मनाने के लिए इकट्ठे हुए हैं—भारतीय लोकतंत्र का महान नाटक!यह नाटक, साथियों, सिर्फ नाटक नहीं, बल्कि एक युगांतरकारी तमाशा है। पर्दे के पीछे बैठे कुछ लोग इस खेल को लिखते हैं, निर्देशित करते हैं, और फिर हमें मंच पर भेज देते हैं। और हम, हाँ हम, बड़े गर्व से लोकतंत्र की जयंती मनाते हैं, इस सच को भूलकर कि हम खुद कठपुतलियां हैं।

**पहला अंक: चुनाव**

चुनाव आते हैं, और जनता को उम्मीद का एक नया खिलौना थमाया जाता है। रैलियां होती हैं, जहाँ नेता अपनी शालीनता की चिता जलाते हैं और वादों की आतिशबाजी करते हैं। "हर घर को रोजगार मिलेगा!"

"हर हाथ में रोटी होगी!" और जनता ताली बजाती है, जैसे भूखा बच्चा झूठे लड्डू देखकर खुश हो जाता है।

फिर वोट आते हैं। "स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव" का नारा बुलंद होता है, और इस प्रक्रिया में, नोट, शराब, और मुफ्त की वस्तुएं इस पवित्र प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बन जाती हैं।

**दूसरा अंक: संसद का सर्कस**

संसद, वह पवित्र स्थान जहाँ जनता की भलाई के लिए चर्चा होनी चाहिए। लेकिन मित्रों, यह अब "सर्कस ऑफ इंडिया" है।

यहाँ बहस नहीं होती; यहाँ ड्रामा होता है।

यहाँ नीतियां नहीं बनतीं; यहाँ सौदेबाजी होती है।यहाँ भाषण नहीं दिए जाते; यहाँ प्रचार होता है।

विपक्ष और सत्तापक्ष, दोनों एक-दूसरे पर कीचड़ उछालते हैं, जैसे बच्चे होली खेल रहे हों। "जनता के मुद्दे" नाम का पात्र मंच पर कहीं दिखाई नहीं देता।

**तीसरा अंक: योजनाओं का महाभोज**

योजनाएं बनती हैं—कुछ इतनी शानदार कि सुनने में किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसी लगती हैं।

"हर गांव में सड़क!"

"हर खेत में पानी!"

लेकिन असल में क्या होता है? योजनाओं का बजट आता है, और उसमें से 10% विकास और 90% कमीशन में चला जाता है। और जब जनता सवाल पूछती है, तो जवाब मिलता है, "सिस्टम स्लो है।"

क्या अद्भुत जवाब है! यह सिस्टम वही है जो चुनाव के दौरान तेजी से चलता है, लेकिन विकास के दौरान आराम से सो जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### मारुति सुजुकी, जीएमडीए और उत्कृष्ट सोसायटी फॉर सेफ हरियाणा के साथ साझेदारी में इंटीग्रेट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करेगी



**गुरुग्राम :** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड अपनी सीएसआर पहल के तहत गुरुग्राम में इंटीग्रेटेड टैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लागू करने जा रही है। इसके लिए मारुति सुजुकी ने गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी और उत्कृष्ट सोसाइटी फॉर सेफ हरियाणा (हरियाणा राज्य पुलिस की सोसाइटी) के साथ साझेदारी की है। ITMS को गुरुग्राम की 4 सड़क खंडों पर 23 चौराहों पर स्थापित किया जाएगा और इसका रखरखाव 400 कैमरों और रडार प्रणाली की सहायता से किया जाएगा। MoA के अनुसार, गुरुग्राम में शहर की 40 किलोमीटर सड़कों पर ITMS को स्थापित किया जाएगा। MSIL की CSR पहल के रूप में इस प्रोजेक्ट को फंड प्रदान किया जाएगा। इन कैमरों के लिए आईटीएमएस मारुति सुजुकी द्वारा स्थापित किया जाएगा और जीएमडीए प्रणाली के साथ इंटिग्रेटे किया जाएगा। इस पहल के लिए आज मारुति सुजुकी, जीएमडीए और उत्कृष्ट सोसायटी फॉर सेफ हरियाणा ने एक मैमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए। गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, आईएएस, श्यामल मिश्रा ने कहा, तेजी से विकसित होते गुरुग्राम शहर में यातायात से जुड़ी चुनौतियां कई गुना बढ़ गई हैं। मुझे यकीन है कि मारुति सुजुकी की इस पहल से हम यातायात नियमों के उल्लंघन का प्रभावी तरीके से पता लगा सकेंगे, साथ ही हमें कानून को सही तरीके से लागू करने और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। श्री राहुल भारती, एग्जिक्यूटिव अफसर, कॉरपोरेट अफेयर्स, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा, "गुरुग्राम की यातायात व्यवस्था को मजबूत करने की जिम्मेदारी हमें सौंपने के लिए हम जीएमडीए और गुरुग्राम पुलिस को धन्यवाद देते हैं। हमारी यह पहल सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के साथ ही नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग को स्थापित करने में गुरुग्राम पुलिस की मदद करेगी।" मारुति सुजुकी की सड़क सुरक्षा पहल की प्रशंसा करते हुए गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर, आईपीएस, विकास अरोड़ा ने कहा, "इस पहल के तहत जिन खंडों की पहचान की गई है, वहां यातायात जितना घना है, उसके अनुपात में यातायात उल्लंघन भी उतना ही अधिक है। मारुति सुजुकी के एडवांस टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन से हमें उल्लंघनों को डिजिटल रूप से पकड़ने और सब्जेक्टिविटी को हटाने में सहायता मिलेगी। इससे इन सड़कों पर निगरानी बढ़ाने और गुरुग्राम में सड़क सुरक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, यह तकनीक अपराधों की पहचान और रोकथाम में भी उपयोगी होगा।"

### टाटा मोटर्स ने देश में पहले हाइड्रोजन ट्रक का परीक्षण शुरू किया

**गुरुग्राम।** भारत के 2070 तक प्रदूषण मुक्त बनने के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स ने हाइड्रोजन से चलने वाले भारी ट्रकों का पहला परीक्षण शुरू किया है। इस ऐतिहासिक पहल को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह परीक्षण लंबी दूरी के माल परिवहन के लिए पर्यावरण के अनुकूल समाधान विकसित करने के कंपनी के प्रयासों को दशार्ता है। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक श्री गिरीश वाघ और सरकार व कंपनियों के अन्य विशिष्ट प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस पहल के जरिए टाटा मोटर्स ने भारत के हरित ऊर्जा लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। कंपनी को इस परीक्षण के लिए अनुबंध मिला, जिसे नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित किया गया है।



# नागरिकों के उज्जवल भविष्य के लिए दिखाएं अपनी प्रतिभा का हुनर: उपायुक्त

## समाधान शिविर का मंच लोगों के लिए यादगार व स्मरणीय मंच बनता जा रहा है: एडीसी डॉ.पंकज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रदेश को विकास के मामले में अनेक महत्त्वपूर्ण फैंसले लेकर हरियाणा को गौरवान्वित किया है। उनके द्वारा लिये गए जनहित के निर्णयों ने प्रदेश में विकास को एक नई पहचान दी है। हरियाणा ने जीएसटी संग्रह में शीर्ष 5 राज्यों में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। यह मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उल्लेखनीय वृद्धि है।

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि जरूरतमंद नागरिक के उज्जवल भविष्य के लिए अधिकारियों को अपनी क्षमता का उपयोग करते हुए कम से कम



समय में ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का समाधान करना है।

उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर को और प्रभावी बनाने के लिए और मेहनत करने की आवश्यकता है। हमें इस चुनौती को हर हाल में पार लगाना है। साकारात्मक रूप से समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का समाधान करना है। अपने संकल्पों को मजबूत बनाकर इस कार्य में ओर दक्षता लानी होगी। तभी जन समस्याओं का समाधान हो पायेगा। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में अधिकारियों को समय सीमा का ध्यान रखकर जन समस्याओं के समाधान के लिए जी तोड़ मेहनत करनी होगी व इसे अपने डयूटी का बड़ा हिस्सा मान कर कार्य करना होगा। आम जन की संतुष्टिद्द ही हमें हौंसला देगी। जिस गति से समस्याओं का समाधान हो रहा है। अगर उसमें थोड़ी सी और गति प्रदान की जाएं तो निश्चित रूप से बची समस्याओं पर पार पाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि ये समाधान शिविर मुख्यमंत्री की दुरगामी सोच के तहत आयोजित किये जा रहे है। इनमें उन लोगों को लाभ मिल रहा है जो कार्यालयों में आकर अपनी समस्या बताने से हिचकिचाते थे। उनके लिए यह मंच यादगार व स्मरणीय मंच बन गया है। अब समाधान शिविर में पहुंचने वाले लोग अपनी समस्याओं का मौके पर समाधान करवा रहे है।

# तेज गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए उपायुक्त ने दिये निर्देश




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने आगामी समय में तेज गर्मी व हीट वेव के दृष्टिद्दगत आमजन की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए जिला सचिवालय में बुधवार को हुई बैठक में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सभी विभाग व अधिकारी ये सुनिश्चित कर लें कि किसे किस चीज की कितनी आपूर्ति तथा कहाँ करनी है। उन्होंने विशेष कर पब्लिक हेल्थ को पीने के पानी के प्रबंध के लिये, सिंचाई विभाग,पशुपालन विभाग, कृषि विभाग,रेवेन्यू विभाग,विकास एवं पंचायत विभाग को अन्य कार्यों के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी सावधानी बरतें व गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। उन्होंने कहा है कि हीट वेव से शारीरिक तनाव हो सकता है और यहां तक की मनुष्य की जान जा सकती है। जान को खतरा बनने वाली हीट वेव से बचने के लिए सावधानियां बरतनी जरूरी हैं।


## अवैध कालोनियों में बनी कच्ची सडकों व नीवों को पूर्णतया किया ध्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा गांव गरनाला, तहसील अम्बाला छावनी, जिला अम्बाला में लगभग 5 एकड़ (खसरा न0 24//4एम 5/ 6/ 7/ 14/ 15/ 16/ 25/1) तथा लगभग 1 एकड़ (खसरा न0 36//9/2/ 12/1/ 26/2) में अवैध रूप से विकसित की जा रही 2 अवैध कालोनियों में बनी कच्ची सडकों के जाल तथा नीवों को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौके पर जिला नगर योजनाकार - रोहित चैहान (डयूटी मैजिस्ट्रेट), रविंद्र कुमार (कनिष्ठ अभियन्ता)।

# शराब-तस्करों पर पुलिस की बड़ी करवाई, एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा-तश्करो पर शिकंजा कसते हुए शराब तस्करी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 ने शराब तस्करी करने के आरोप में रमेश कुमार वासी बालम जिला सोलन हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से अलग-अलग मार्का की 262 पेटी अंगेजी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है ।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 मार्च को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्ग-निर्देश में



सहायक उप निरीक्षक प्रेम चन्द, राम कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सिपाही गुरमेज की टीम अपराध तलाश में पीपली बस अड्डे के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि रमेश कुमार वासी बालम जिला सोलन हिमाचल प्रदेश ट्रक नम्बर पीबी-11-डीबी-8871 में माल लोड करके बंगाल बिहार व झारखण्ड जाता है। आरोपी पंजाब व हिमाचल से अवैध शराब लोड करके बिहार में बेचता है। अगर एनएच-44 पीपली चिड़ियाघर के पास नाकाबंदी करके आरोपी व उसके ट्रक को काबू किया जाये तो उसके ट्रक से भारी मात्रा मे शराब बरामद हो सकती है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एनएच-44 पीपली चिड़ियाघर के पास नाकाबंदी करके चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को मिली सूचना अनुसार ट्रक पीबी-11-डीबी-8871 आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने ट्रक में बैठे व्यक्ति को काबू करके उसका नामपता पूछने पर ड्राईवर ने अपना नाम रमेश कुमार वासी बालम जिला सोलन हिमाचल प्रदेश बताया। पुलिस द्वारा आरोपी व उसके ट्रक की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से अलग-अलग मार्का की 262 पेटिया शराब अंग्रेजी बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके 3 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया ।

## जिला कारागार में किया गया जेल लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन के समक्ष रखे गए सभी 10 मुकदमों का निपटारा किया गया। इन मुकदमों में 10 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया।
सीजेएम इरम हसन ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं से अवगत करवाया और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा आरएम कालेज ऑफ एजुकेशन घरौंडा की सहायक प्रोफेसर डा.नीना ने जिला कारागार के महिला वार्ड में रह रही महिलाओं के लिए योगा एवं मैडिटेशन का सेशन लगाया, जिसमें 50 से अधिक महिलाओं को योगा व मैडिटेशन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीजेएम डा. इरम हसन ने बताया कि 8 मार्च को जिला न्यायालय की अदालतों मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कोई भी व्यक्ति अदालतों मे लम्बित मुकदमों का निपटारा आपसी समझौते के जरिए कर सकता है। सके अलावा प्री

# पवांर ने विभिन्न वार्डों में किया कोमल सैनी और पार्षद प्रत्याशियों का प्रचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
पानीपत नगर निगम चुनाव के लिए 9 मार्च रविवार को मतदान होगो शहर में इन दिनों चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है । इसी कड़ी में वार्ड 7 की देशराज कॉलोनी के शर्मा भवन में एक जनसभा का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व पार्षद अशोक कटारिया रहे । जनसभा की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नेहा शर्मा ने की । भाजपा नेता प्रवीन शर्मा ने सभी



अतिथियों का स्वागत किया । पूर्व मेयर सरदार भूपेन्द्र सिंह आभार व्यक्त किया। मंत्री पंवार ने आज जगन्नाथ विहार , राजीव कालोनी व देशराज कालोनी में भाजपा का प्रचार किया। जनसभा के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं । जिसके पहले चरण में अन्य नगर निगमों के लिए मतदान हो चुका है और आने वाली 9 मार्च रविवार को पानीपत नगर निगम के लिए मतदान होना है । उन्होंने कहा कि शहर में विकास कार्यों की गति को अनवरत जारी रखने के लिए भाजपा की जीत जरूरी है क्योंकि भाजपा सरकार ही प्रदेश में सड़क, गली, नालियाँ, पार्क, स्ट्रीट लाइटें, सामुदायिक भवन, विद्यालय भवन, सार्वजानिक शौचालय सहित बहुत से विकास कार्य कर रही है । शहर के नागरिकों को शुद्ध यमुना जल मिलेगा और जल निकासी का बेहतर प्रबंधन होगा । उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास की धुरी है । इसी के दृष्टिगत हरियाणा में 1500 स्मार्ट स्कूल बनाए जाएँगे ताकि बच्चों को रोजगारपरक आधुनिक शिक्षा प्रदान की जा सके । उन्होंने पानीपत की जनता से अपील करते हुए कहा कि आने वाली 9 मार्च को भाजपा मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी और अपने वार्ड के भाजपा पार्षद प्रत्याशी को कमल का बटन दबाकर नगर निगम में भाजपा को जीत दिलाएं । कार्यक्रम में भाजपा नेत्री नेहा शर्मा ने कहा कि नगर निगम चुनाव के संकल्प पत्र के अनुसार शहर में नागरिकों विशेष तौर पर महिला सुरक्षा के लिए प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे।

# सैनिक सुनील मलिक का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** भारतीय सेना में सेवाएं प्रदान करने वाले बहादुर सैनिक 38 वर्षीय सुनील मलिक का उनके पैतृक गांव लाखु बुआना में बुधवार को गार्ड आफ ऑनर देकर सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके संस्कार में जिले भर से सेना के सैनिक, पूर्व सैनिक और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने सैनिक सुनील मलिक को श्रद्धाजंली दी व दुखी परिवार सांत्वना दी।

विदित रहे की सैनिक सुनील कुमार का पश्चिमी बंगाल के पाना गढ में ड्यूटी के दौरान 3 मार्च को हृदय गति रूकने



से देहांत हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को सेना की गाडियों में तिरंगे में लपेटकर गांव में बुधवार को लाया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण व आस-पास के पूर्व सैनिकों व ग्रामीणों ने पहुंच कर श्रद्धाजंली दी। मृतक सैनिक सुनील कुमार के भाई ने बताया कि 2009 में उन्हें खेल कोटे से सेना में भर्ती किया गया था वे अपने पीछे दो लडके व पत्नी पिंकी पिता जगदीश माता इंदरा वती व भाई रामरूप को छोड़ गये।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के घोघड़ीपुर फाटक पर बीती शाम एक दर्दनाक सडक हादसा हो गया। यहां पानीपत से घर लौट रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे 55 वर्षीय ओमपाल की मौके पर ही मौत हो गई।
हकीकत नगर कॉलोनी निवासी मृतक के बेटे रविंद्र ने बताया कि उनके पिता पानीपत में फर्नीचर पॉलिश का काम करते थे। मंगलवार को वे रोज की तरह जल्दी में घर लौट रहे थे, क्योंकि बुधवार को उन्हें एक शादी में जाना था और वे घर पहुंचकर उसकी तैयारी करना चाहते थे।

# सीएम करेंगे महाराजा अजमीढ़ चौक का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्री मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा कुरुक्षेत्र द्वारा उनके आदिपुरुष महाराजा अजमीढ़ जी के नाम से निर्मित चौक का उदघाटन और वहां स्थापित नवनिर्मित महाराजा अजमीढ़ जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री नायब सैनी से करवाने हेतु मुख्यमंत्री का समय लेने के लिए पूर्व राज्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष सुधा के माध्यम से अनुग्रह किया गया है। श्री मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा के जिला प्रधान राजकुमार वर्मा, संस्था के सलाहकार महावीर वर्मा और भाजपा नेता और प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल वर्मा सहित सभा के अन्य उपस्थित सदस्यों ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा से भेंट कर



उनसे मुख्यमंत्री नायब सैनी के करकमलों से महाराजा अजमीढ़ चौक और प्रतिमा के अनावरण करवाने बारे निवेदन किया गया।मुलाकात के दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने स्थानीय निकाय के चुनाव परिणामों के पश्चात

**अनुग्रह**

**▶▶ अनावरण मुख्यमंत्री से करवाने हेतु मुख्यमंत्री का समय लेने के लिए सुभाष सुधा के माध्यम से अनुग्रह किया गया**

कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी की गरिमामय उपस्थिति बारे आश्वासन दिया।सुभाष सुधा ने बताया कि इस उद्घाटन समारोह बारे उनकी मुख्यमंत्री नायब सैनी से बात हो गई है और शीघ्र ही इस कार्यक्रम की तिथि और समय निश्चित करके सुनार सभा को सूचित कर दिया जाएगा। श्री मैढ़ क्षत्रिय सुनार सभा के जिला प्रधान रामकुमार वर्मा ने बताया कि सुनार सभा द्वारा छोटे रेलवे स्टेशन के समीप बायपास रोड पर महाराजा अजमीढ़ जी महाराजा चौक का नवनिर्माण किया गया है जहां महाराजा अजमीढ़ जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है।सुनार बिरादरी के सभी लोगों की मांग पर महाराजा अजमीढ़ चौक का उद्घाटन और यहां स्थापित भव्य प्रतिमा का अनावरण माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी से करवाने का एकमत से निर्णय लिया गया है।

भाजपा नेता और समाजसेवी अनिल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी 36 बिरादरी के लोकप्रिय नेता हैं और सबको साथ लेकर चलने वाले मुख्यमंत्री हैं और बिरादरी के लोगों में नव-उत्साह का संचार करेगा।

# पोस्टर मेकिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के सौजन्य से इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में फसल अवशेष प्रबंधन अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन केंद्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉक्टर बलजीत सहारण के निर्देशानुसार किया गया। जिसमें 150 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रीटा दलाल, बॉटनी डिपार्टमेंट के हैड प्रोफेसर अनिल गुप्ता, पूर्व चेयरपर्सन प्रोफेसर नरेन्द्र सिंह,




डा.कविता रानी, कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वैज्ञानिक डा. सरिता रानी, डा. ममता की देखरेख में किया गया। डा. सरिता रानी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी देकर पराली न जलाने के लिए जागरूक करना है ताकि विद्यार्थी अपने अभिभावकों व आमजन को भी पराली न जलाने के लिए प्रेरित कर सके। उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रयोग किए जाने वाली विभिन्न तकनीकों तथा उपायों के बारे में भी बताया।
उन्होंने फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसानों के बारे में विस्तार से चर्चा की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय कक्षा की छात्रा आस्था शर्मा, ने प्रथम स्थान, कक्षा बीएससी तृतीय की छात्रा खुशबू ने द्वितीय तथा कक्षा बीएससी द्वितीय की छात्रा निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा बीए द्वितीय की छात्रा भारती शर्मा ने प्रथम, कक्षा बीएससी तृतीय की छात्रा जसप्रीत कौर ने द्वितीय स्थान और

**जागरूक किया**

**▶▶ विद्यार्थियों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी देकर पराली न जलाने के लिए जागरूक करना है**

बीएससी तृतीय के छात्र परसदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृषि विज्ञान केंद्र की तरफ से सभी विजेताओं छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रीटा दलाल ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं की सराहना की। प्रोफेसर अनिल गुप्ता प्राचार्या तथा वैज्ञानिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने विभिन्न वार्डों में किया प्रचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** नगर निगम पानीपत की मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने बुधवार को शहर के विभिन्न वार्डों में संबंधित क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी को साथ लेकर प्रचार किया ।
इसी कड़ी में आज वार्ड 15 के मैक्स फिटनेस केंद्र में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।इसी वार्ड के शिव मंदिर वाली गली में चाय पर चर्चा की इसके बाद एम जे आर संस्थान में जनसभा को संबोधित किया।इसके उपरांत कोमल सैनी केसरी नन्दन हनुमान मंदिर में जाकर भाजपा को विजय बनाने की अपील जनता से



की। अपने तूफानी चुनाव प्रचार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है भाजपा की सरकार में हरियाणा भी अपना योगदान दे रहा है प्रदेश में नगर निकायों के लिए मतदान प्रक्रिया चल रही है इसके तहत पानीपत में 9 मार्च को नगर निगम मेयर और पार्षद पद के लिए मतदान होना है देश और प्रदेश के साथ-साथ शहर में भी विकास कार्यों को गति देने के लिए शहर में भी भाजपा सरकार को लाना जरूरी है।

## न्यूज फ्लैश

### शादी समारोह में आए दो भाइयों से मारपीट, हथियार दिखाकर धमकी देने का आरोप

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी में शादी समारोह में शिरकत करने आए दो सगे भाइयों से मारपीट कर घायल करने हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपितों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। जींद निवासी सुखबीर सिंह ने बताया कि गत 3 मार्च को वह अपने भाई के साथ बड़वासनी गांव में शादी समारोह में आया हुआ था। वहां पर उसके भाई जसबीर व उसके साथ विकास व राकेश, नवीन ने झगड़ा शुरू कर दिया। उसके बाद 30 से ज्यादा युवक आ गए। उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। उसके गले से सोने की चेन छीन ली। वहीं सोने की चेन से सोने का लॉकेट गिर गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपितों के पास डोगा व पिस्टल हथियार थे। जिन्हें वह बार-बार फायर करके डरा रहे थे। दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को अवगत करवाया। उसके बाद संबंधित थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी उमेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अवैध रूप से गर्भपात की किट बेचने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट वेस्ट सोनीपत सीआईए-1 टीम ने अवैध रूप से गर्भपात किट की ऑनलाइन बिक्री करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित निवासी भागलपुर बिहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। जिला स्वास्थ्य विभाग में तैनात डॉ. सुमित कौशिक (जिला नोडल अधिकारी, पीसी एंड पीएनडीटी एमटीपी, सोनीपत) ने गत 21 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उन्हें जानकारी मिली थी कि ऑनलाइन तरीके से एमटीपी किट बेचने का कार्य चल रहा है। मामले को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश पर टीम का गठन किया गया। जिसमें डा संदीप लठवाल (उप चिकित्सा अधीक्षक, डीसीएच सोनीपत) और संदीप हुड्डा (डीसीओ-आई, सोनीपत) की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। वहीं ऑनलाइन साइट मां तारा मार्केट बिना किसी पर्ची के मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी किट की ऑनलाइन बिक्री में लिप्त पाई गई। एमटीपी किट के लिए ऑनलाइन ऑर्डर दिया गया था। एकार्ट डिलीवरी कंपनी के एक आकस्मिक डिलीवरी बॉय द्वारा आर्डर प्राप्त हुआ। जिसमें प्रतिबंधित दवाओं की अवैध किट थी। बिना किसी अधिकृत चिकित्सीय पर्ची के एमटीपी किट की इस अवैध बिक्री में शामिल सभी आरोपितों के खिलाफ सेक्टर-27 थाना सोनीपत पुलिस इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस की तरफ से टीमों को गठन किया गया था। टीम में शामिल एसआई संजीव, एचसी मंदीप, एचसी उमेश व संदीप ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव आधुनिक भारत की सबसे बड़ी जरूरत: कृष्ण

**विशिष्ट वक्ता भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है**

**चुनाव कार्यशाला**

**▶▶ एक साथ चुनाव होने से शासन में निरंतरता आएगी, वित्तीय बोझ कम होगा: कृष्ण कुमार बेदी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान एवं विधि प्रकोष्ठ द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार बेदी (कैबिनेट मंत्री, सामाजिक न्याय, अधिकारिता) ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि एक राष्ट्र एक चुनाव आधुनिक भारत की सबसे बड़ी जरूरत है। इसके तहत लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ हो सकते हैं जिससे शासन में निरंतरता आएगी, वित्तीय बोझ कम होगा और प्रशासनिक अधिकारियों पर काम का बोझ भी कम होगा। विशिष्ट वक्ता भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्वस्थ एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं। अगर हम देश में होने चुनावों पर नजर डालें तो पाते हैं कि हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भारी बोझ भी पड़ता है। इस सबसे बचने के लिये नीति निर्माताओं ने लोकसभा तथा राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने के विचार बनाया है। कार्यशाला का नेतृत्व विधि प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. अमित लुदरी एवं विधि संस्थान की निदेशक प्रो. सुशीला देवी चौहान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. अमित लुदरी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का औपचारिक स्वागत करके की। प्रो. सुशीला देवी चौहान ने हाइक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी को एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में परिचित कराना है तथा साथ ही इसकी विशेषताओं एवं प्रावधानों पर विचार साझा करना है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस कार्यशाला में विशिष्ट वक्ताओं के रूप में इंद्रजीत मेहता (सदस्य हरियाणा राज्य विधि आयोग), एडवोकेट विजयपाल (राज्य संयोजक, एक राष्ट्र एक चुनाव समिति), मदन मोहन छाबड़ा, अध्यक्ष 48 कोस तीर्थ निगरानी समिति, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड) ने अपने संबोधन में एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यशाला में पैनल चर्चा का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रो. अमन अमृत चीमा (निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र, लुधियाना), प्रो. मोहम्मद तारिक (प्रोफेसर, विधि संकाय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय), प्रो. राजेश (प्रोफेसर, लोक प्रशासन विभाग, केयूके), प्रो. संजय सिंधु (पूर्व डीन, विधि संकाय, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला), प्रो. नंदन शर्मा (डीन, विधि संकाय, शूलिनी विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश), प्रो. वी. एन. अत्री (संस्थापक निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय इंडो-पैसिफिक अध्ययन केंद्र, केयूके), डॉ. प्रीतम (निदेशक, डॉ. बी. आर. अंबेडकर अध्ययन केंद्र, केयूके) ने भाग लिया।

## श्याम लो ना हाथ मेरा सांवरे, हार कर दरबार तेरे मैं आया..



**संकीर्तन**

**▶▶ द्रोपदीकूप श्री श्याम मंदिर में 541वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा मंगलवार रात्रि ब्रह्मसरोवर स्थित द्रोपदीकूप श्री श्याम मंदिर में 541वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि श्याम प्रभु के प्रिय माह फाल्गुन के उपलक्ष्य में संकीर्तन से पूर्व संध्याकाल में महिला श्रद्धालुओं द्वारा निशान यात्रा आयोजित की गई जिसमें लगभग 80 महिलाएं बाबा श्याम के चिह्न लेकर शामिल हुईं। कार्यक्रम में सभी श्यामप्रेमियों ने पूजन में हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्यामप्रेमियों ने पंक्तिबद्ध होकर दरबार में शीश नवाया। आमंत्रित गायक जतिन जिंदल ने श्याम जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए जिनमें श्याम लो ना हाथ मेरा सांवरे,हार कर दरबार तेरे मैं आया हूं......., फूलों में सज रहे हैं मेरे श्याम खाटू वाले..., सांवरे की महफि ल को सांवरा सजाता है...., सौंवरिया ले चल परली पार...व हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं।

## जिले में एनीमिया मुक्त अभियान की शुरूआत, महिलाओं, किशोर व बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला** स्वास्थ्य विभाग की ओर से एनीमिया मुक्त माह की शुरूआत की गई है। अभियान के 1740 बच्चों, किशोरों व महिलाओं का हीमोग्लोबिन (एचबी) जांचा गया। पहले विभाग ने एनीमिया मुक्त सप्ताह मनाने के निर्देश दिए थे। एक माह तक चलाए जाने वाले अभियान के तहत एक माह तक उप स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी, सीएचसी, नागरिक अस्पताल में शिविर लगाए जाएंगे। मातृत्व स्वास्थ्य अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि छह टारगेटिड ग्रुप जिसमें 6 माह-5 वर्ष, 6-9 वर्ष, 10-19 वर्ष आयु के बच्चों व किशोरों के खून की जांच की जाएगी। विशेष रूप से स्तनपान कराने वाली व गर्भवती महिलाएं के खून की जांच की जाएगी। साथ ही 15 से 49 साल तक की महिलाओं की रक्त जांच की जाएगी। अभियान के तहत आयरन की गोलियां वितरित की जाएंगी और इसी तरह बच्चों के लिए सिरप भी वितरित किया जाएगा। जांच के दौरान हीमोग्लोबिन कम पाए जाने पर बच्चों, किशोरों व महिलाओं का इलाज भी किया जाएगा।

## सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा मनाया गया महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

**स्वरोजगार**

**▶▶ महिला सशक्तीकरण के लिए सिलाई-कटाई सेंटर, पार्लर जैसे कार्यक्रम चलाये हुए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम बढ़ाते हुए अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के जिला सचिव राजिंदर सैनी रहे उन्होंने यह बताया की सेवा ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए सिलाई-कटाई सेंटर, कम्प्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर, स्वरोजगार सेंटर जैसे कार्यक्रम चलाये हुए हैं जो की महिला सशक्तिकरण के लिए एक नीव के पत्थर का काम कर रहे है इन कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं अपने परिवार का पालन-पोषण अच्छे से कर रही है सेवा ट्रस्ट सही मायने मे महिला सशक्तिकरण अभियान को चला रही है इसके लिए सेवा ट्रस्ट बधाई की पात्र है। सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया की सेवा ट्रस्ट इन सामाजिक कार्यो के अलावा अम्बाला के गाँव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामाजिक सुविधाएँ शुरू की जाएंगी । जिसमे दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है ताकि इस बीमारी से ग्रसित नन्ही जिंदगियों को बचाया जा सके, साथ ही उन्होंने कहा की सेवा धाम में विभिन्न स्किल कोर्स भी करवाए जाएंगे जिससे महिलाएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर पाएंगी सकेगी । कार्यक्रम के बारे में अवगत करवाते हुए सेवा ट्रस्ट की सिटी अध्यक्ष सीमा देवी ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम किए जा रहे है। जिसमें महिलाओं, छात्राओं, नव जन्मी कन्याओं के परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है कार्यक्रम में ट्रस्ट के खंड प्रधान राजेश सैन, योगेश गर्ग व मास्टर रमेश गुप्ता ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके इससे पहले भी सामाजिक कार्यों में सदा ही अग्रसर है और रक्तदान शिविर लगवाना, बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वयं रोजगार सहित अनेक कार्यक्रम सेवा ट्रस्ट यूके के द्वारा किए जा रहे हैं।

## विद्यार्थी, शिक्षक, खिलाड़ी और अधिकारी जुड़े बकेट चैलेंज के साथ

**अभियान**

**▶▶ शिक्षक राम रतन शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस अभियान में भाग लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रातः सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र पहुंचे और डीएवी पब्लिक स्कूल को इस अभियान से जोड़ा। शिक्षक राम रतन शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस अभियान में भाग लिया। तत्पश्चात गीता निकेतन विद्या मंदिर कुरुक्षेत्र के प्रबंध निदेशक कर्नल एस एन शर्मा और प्राचार्य सुमित कुमार के नेतृत्व में बकेट चैलेंज अभियान को स्वीकारा गया। सेक्टर 3 के अनेक लोगों ने इस अभियान में भाग लिया। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नितिन राज ने इस चैलेंज को स्वीकार किया और कहा कि नशे को समाज से समूल नष्ट करने के लिए सबको सहभागिता करनी होगी। अधीक्षक रमन गुप्ता ने भी इस अभियान में भाग लिया। इसके पश्चात अभियान के संयोजक डॉ. ईश्वर सिंह इस अभियान से जुड़े। तत्पश्चात इस कार्यक्रम से रोबिन वर्मा सहित अनेक लोग जुड़े और कहा कि नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने साइकिल यात्रा निकालकर भी लोगों को नशा मुक्त अभियान से जोड़ा।

## चालक भाई के हत्यारे आरोपित क्लीनर को पुलिस ने अदालत में किया पेश

**काबू**

**▶▶ कहासुनी के बाद बड़े भाई की हत्या करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र में पंजाब हरियाणा हिमाचल ढाबे पर रुके ट्रक में सवार दो भाइयों पर किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद बड़े भाई की हत्या करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित राजेश निवासी नेपाल हाल में सेक्टर-9 पंचकूला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मलिकपुर निवासी बिल्लू ने मुरथल थाने में शिकायत देकर बताया कि वह जीटी रोड पर पंजाब, हिमाचल, वैष्णो ढाबे चलाता है। वह देर शाम पांच बजे के आसपास होटल पर एक ट्रक आया। उसमें दो लड़के खुद को सगे भाई बता रहे थे। पूछताछ में जानकारी मिली कि मोहाली पंजाब निवासी राजेश और राजू चंडीगढ़ से गाजियाबाद जा रहे थे। राजू (30) ट्रक पर चालक के तौर पर कार्यरत था। जबकि उनके छोटे भाई राजेश क्लीनर के तौर पर काम करता था। दोनों जब जीटी रोड पर मुरथल के पास पहुंचे तो ट्रक रोक लिया। इसके बाद शराब पीने लगे। शराब पीने के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होगी। जिस पर छोटे भाई राजेश ने राजू को पीटना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने छुड़ाने का भी प्रयास किया। वह लात-घूंसों से प्राइवेट अंग वार करता रहा। इस दौरान राजू बेसुध होकर गिर गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### बाइक हो गई चोरी

**सोनीपत: शहर** के बहालगढ़ रोड पर फोन सुनने के लिए रुके युवक की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। जनता कॉलोनी निवासी नरेश ने बताया कि वह बहालगढ़ क्षेत्र में नौकरी करता है। वह ड्यूटी से वापस अपनी बाइक पर सवार होकर लौट रहा था। वह स्वतंत्रता संग्राम मेमोरियल पार्क के पास बाइक रोककर अपने भाई से फोन पर बातचीत करने लगे। इस दौरान वह बाइक से थोड़ी दूर चला गया। जब वापस आया तो बाइक वहां नहीं मिली।

## जिले में जीवनवाहिनी गाड़ियों की बदली जायेगी नंबर प्लेट

**अंकित होगा**

**▶▶ अवहेलना की जा रही थी। जिसके बाद अब जाकर वाहनों की नंबर प्लेट पर सरकारी नंबर अंकित किया जायेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में जीवन वाहिनी (एम्बुलेंस) गाड़ियों पर सरकारी नंबर अंकित करने के निर्देशों की अवहेलना का मामला सामने आया है। जिला विभाग की तरफ से आदेशों की तीन साल से अवहेलना की जा रही थी। जिसके बाद अब जाकर वाहनों की नंबर प्लेट पर सरकारी नंबर अंकित किया जायेगा। विभाग की तरफ से पहले ही हरी झंडी मिल चुकी थी। खाते में खर्च का बजट जारी होती ही एंबुलेंसों की नंबर प्लेट पर नंबर के साथ जीवी अंकित करवाने की बात कही जा रही है। बता दें कि जिला स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूदा समय में 29 गाड़ियां मौजूद है। जो सड़कों पर दौड़ लगाकर आपातकालीन स्थिति व मरीजों को जल्द से जल्द अस्पतालों में पहुंचाने का कार्य करती है। विभाग की तरफ से जिला नागरिक अस्पताल, महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर, गोहाना अस्पताल, गन्नौर अस्पताल, खरखौदा, बढ़खालसा, मुंडलाना, जुआं सीएचसी सहित पीएचसी पर उक्त एंबुलेंसों की तैनाती की गई है। उक्त गाड़ियों की वाहन रजिस्ट्रेशन प्लेट पर टैक्सी नंबर यानी 69 के साथ नंबर अंकित है। विभाग की तरफ से करीब तीन साल पहले उक्त गाड़ियों पर जीवी (सरकारी वाहन) लिखे जाने को लेकर आदेश जारी किए गए थे, लेकिन अब तक उक्त आदेशों की पालना नहीं की जा रही है। हाल में प्रबंधन की तरफ से गाड़ियों के नंबर के साथ जीवी लगाने की प्रक्रिया को अमल में लाया गया है।

**रोहतक के बाद सोनीपत की गाड़ियों पर अंकित होगा नंबर-** मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के अलग-अलग जिलों में एंबुलेंस लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध है। वहीं लगभग विभागों की गाड़ियों पर जीवी अंकित होता है, लेकिन एंबुलेंस पर नंबर अंकित था। विभाग की तरफ से मिले आदेशों पर सोनीपत विभाग की तरफ से कार्यवाही अमल में लाई गई है। कर्मचारियों की तरफ से वाहनों की नंबर प्लेट पर जीवी नंबर लगाने को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी की तरफ से निर्देश जारी कर दिए है। रोहतक जिले के बाद सोनीपत प्रदेश का दूसरा जिला होगा। जिसमें एंबुलेंस पर नंबर के साथ जीवी अंकित किया जायेगा। विभाग की तरफ से करीब तीन साल पहले इस संबंध में आदेश प्राप्त हुए थे। अब तक किन कारणों के चलते नंबर अंकित नहीं हुए उसकी जानकारी नहीं है। जल्द ही नंबर प्लेट पर जीवी लड़कर नंबर प्लेट वाहन पर लगा दी जायेगी।

## नशा तस्करों पर जिला पुलिस की बड़ी कारवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

**▶▶ कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के कुशल नेतृत्व में एंटी नारकोटिक सैल टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में निरवैर सिंह वासी नाभा जिला पटियाला व सोमा सिंह उर्फ गगन वासी भुराल जिला मलेरकोटला पंजाब को गिरफ्तार करके 205 किलो 325 ग्राम डोडापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया 1 मार्च को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार, मुख्य सिपाही बलदेव कुमार, नसीब सिंह, प्रवीन कुमार, सिपाही संजीव कुमार, एसपीओ सुरेन्द्र कुमार व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार की टीम अपराध तलाश में बस अड्डा मुर्तजापुर के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि निरवैर सिंह वासी नाभा जिला पटियाला व सोमा सिंह उर्फ गगन वासी भुराल जिला मलेरकोटला पंजाब ट्रक नम्बर पीबी-08-डीएस-3244 में माल लोड करके राजस्थान व मध्यप्रदेश जाते हैं और वापसी में आते समय भारी मात्रा में चूरापोस्त/डोडापोस्त लेकर आते है और पंजाब मे बेचते हैं। अगर एनएच-152-डी मुर्तजापुर फ्लाई ओवर के पास नाकाबंदी करके आरोपियों को काबू किया जाये तो उनके ट्रक से भारी मात्रा मे चूरापोस्त/डोडापोस्त बरामद हो सकता है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर एनएच-152-डी मुर्तजापुर फ्लाई ओवर के पास नाकाबंदी करके चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को मिली सूचना अनुसार ट्रक पीबी-08-डीएस-3244 आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने ट्रक में बैठे व्यक्तियों को काबू करके उसका नामपता पूछने पर ड्राइवर ने अपना नाम निरवैर सिंह वासी नाभा जिला पटियाला पंजाब व क्लीनर ने व सोमा सिंह उर्फ गगन वासी भुराल जिला मलेरकोटला पंजाब बताया। मौका पर राजपत्रित अधिकारी निर्मल सिंह डीएसपी पेहवा को बुलाया गया। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपियों व उनके ट्रक की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 205 किलो 325 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर पेहवा में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## घर से आभूषण व रुपये चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**रिमांड पर लिया**

**▶▶ गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी जवाहरा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने घर से आभूषण व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप निवासी जवाहरा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। यूपी हाल पटेल नगर निवासी बसंत ने आठ फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि गत सात जनवरी को अपने परिवार सहित अपने गांव चंद्रवती वाराणसी यूपी चला गया। उसके लड़के पवन के पास उसके दोस्त महेश का फोन आया। उसके घर का मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर सामान की जांच की तो कमरे के अंदर का सामान बैड, संदूक व अलमारी का सामान बिखरा हुआ पाया। सामान की जांच की तो घर से मंगलसूत्र आठ ग्राम, सोने की चैन करीब एक तोला, कान के झुमके 9 ग्राम, लड़के की चेन आठ ग्राम साथ में एक ग्राम का लॉकिट, चांदी की पायल नौ तोले, पैर की पांच बिछिया, लड़के के हाथ के कड़े चांदी के चार तोले, नोटों की माला करीब पांच हजार, चांदी के आभूषण व 12 हजार रुपये की राशि गायब मिली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआवना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक परविंद्र की टीम ने वारदात में शामिल प्रिंस को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

# पीआरपीसी में आयोजित शानदार एवं विशाल 22वीं पुष्प प्रदर्शनी ने सबको किया मंत्रमुग्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** मिनी स्मार्ट सिटी, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के सेंट्रल पार्क में दिनांक 1 से 2 मार्च, 2025 तक आयोजित शानदार एवं विशाल 22 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी की भव्य और सौंदर्यपूर्ण छटा ने सभी आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी की थीम स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास थी और इसका आयोजन आसपास के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण को स्वस्थ बनाए रखने के साथ-साथ इंडियनऑयल के हरित संकल्प



को और मजबूत करते हुए समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया था। इस पुष्प प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। यह पुष्प प्रदर्शनी विविध फूलों एवं हर्बल पौधों की 85 से अधिक प्रजातियों के साथ आयोजित की गई ।

इस विशाल पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने रश्मि

**हर्बल पौधे**

**पुष्प प्रदर्शनी विविध फूलों एवं हर्बल पौधों की 85 से अधिक प्रजातियों के साथ आयोजित की गई**

डहरिया, अध्यक्ष विदुषी क्लब, शैलेश तिवारी, कार्यकारी निदेशक एवं रीजनल हेड (एनआरपीएल), श्री चूरामन, कार्यकारी निदेशक, (परियोजना) मुख्य-महाप्रबंधकगण , महाप्रबंधकगण और पानीपत रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के वरिष्ठ अधिकारियों, तथा आसपास के गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री डहरिया ने उपस्थित सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और इस पुष्प प्रदर्शनी को बहुत शानदार और यादगार बनाने के लिए सभी संबंधित लोगों और प्रतिभागियों के ईमानदार प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जोरदार ढंग से उल्लेख किया कि इस तरह की हरित पहल को क्रियान्वित करने से हमें बागवानी, फूलों की खेती के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक बड़ा

# बजट घोषणाओं के त्वरित कार्यान्वयन के लिए वेबिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जी.टी रोड पानीपत पर स्थित आई.बी. महाविद्यालय में 5 मार्च को कॉलेज के सभागार में स्टाफ मेंबर्स और विद्यार्थियों के लिए बजट घोषणाओं-2025 के कुशल और त्वरित कार्यान्वयन के लिए पोस्ट बजट वेबिनार के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गयी । कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक ने कहा कि यह वेबिनार सरकारी अधिकारियों, व्यवसाय जगत के नेताओं और व्यापार विशेषज्ञों के लिए भारत की औद्योगिक, व्यापारिक और ऊर्जा रणनीतियों पर चर्चा का मंच प्रदान करेंगे। इनमें बजट में घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन, निवेश सुविधा और तकनीकी अपनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पीएम



नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या आज बढ़कर 6 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। इसी के साथ करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से इस पार्टनरशिप का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आने का आग्रह किया।

## न्यूज फ्लैश

### जन सहयोग संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र शहर की सुप्रसिद्ध संस्था जन सहयोग द्वारा मंगलवार के पावन दिवस पर ब्रह्म सरोवर पर स्थित जन सहयोग संस्था के रैन



बसेरे में एक रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 36 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया व 26 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर ऐसे सामाजिक कार्य किये जाते है जिस से बहुत से जरूरतमंद लोगों की मदद होती है। संस्था प्रधान अंगूरी लाल ने बताया कि एक यूनिट रक्त से 3 लोगों की जान बचाई जा सकती है और रक्तदान करने से शरीर मे किसी तरह की कोई कमजोरी भी नही आती। संस्था उपाध्यक्ष नितेश मंगल ने बताया कि संस्था सिविल हॉस्पिटल में भी मरीजों की सहायता करती है व उनके लिए दोपहर का भोजन उपलब्ध करवाती है । संस्था की तरफ से रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका हौसला बढ़ाया व उनको सर्टिफिकेट दे कर उनको सम्मानित किया। शिविर में मुख्य रूप से बृजभूषण बंसल ने रक्तदान शिविर में शिरकत की और रक्तदाताओं का फैसला बढ़ाया।संस्था की तरफ से सतीश,अनु,सीमा,डिम्पल, सतबीर, विपिन शर्मा,नितेश लाला, मास्टर जितेंद्र, मिथुन समाना, गगनदीप, मोहन नागरथ, चंद्रशेखर अत्री,रेखा,डिंपल आदि सदस्य मौजूद रहे।

### फ्लाइंग स्क्वायड अलर्ट, डीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और



सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा भी मौजूद रहे। डीसी ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था देखी। उन्होंने कहा कि नकल करना और कराना दोनों अपराध हैं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अगर कोई भी व्यक्ति नकल या अनुचित साधनों का प्रयोग करता पाया गया, तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई होगी। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन की तरफ से परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निष्पक्षता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए हैं व किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गांव डाहर, जाटल और सौदापुर स्कूल में स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### स्ट्रोंग रूम में ईवीएम मशीनों को पुख्ता प्रबंधों के साथ किया सील

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिले में निकाय चुनाव के उपरांत सम्बन्धित तीनों जगहों के स्ट्रोंग रूम में ईवीएम मशीनों को पुख्ता प्रबंधों के साथ सील करने का काम किया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों जगहों पर ईवीएम मशीनों को थ्री लेयर सुरक्षा के बीच रखा गया है। पहली लेयर में आईआरबी पुलिस, दूसरी लेयर में एचएपी तथा तीसरी लेयर में जिला पुलिस की तैनाती की गई है। उन्होने यह भी बताया कि स्ट्रोंग रूम के अंदर सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर भी रखी जा रही है। इसके साथ-साथ तीनों जगहों पर स्ट्रोंग रूम के पास पुलिस के जवान पुरी मुस्तैदी के साथ दिन-रात रोस्टर के मुताबिक अपनी डयूटी भी दे रहे हैं। डीएवी स्कूल बराड़ा में बने स्ट्रोंग रूम में ईवीएम मशीनों को सुरक्षा के साथ रखा गया है।

# बाल विवाह के खिलाफ किया गया लोगों को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** समालखा के स्कूलों एवं गांवों में चलाया जागरूकता अभियान एम डी डी आफ इंडिया, बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पटेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पट्टी कल्याण एवं विकल्प पब्लिक स्कूल रांक्सेडा तथा आंगनवाड़ी केंद्र में बाल यौन दुर्व्यवहार, बाल विवाह मुक्त एवं बाल मजदूरी मुक्त जिला बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। विकल्प पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल सुभाष चन्द ने कहा कि बाल विवाह के कारण लड़कियों की शिक्षा वहीं की वहीं रुक जाती है जिससे उनका शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा आर्थिक विकास




नहीं हो पाता। ऐसे में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के अभियान को चलाकर हम लड़कियों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं। पटेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्रिंसिपल रेणु छौक्कर ने कहा कि बाल विवाह कानून एवं बाल मजदूरी कानून के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवगत कराकर ही बाल विवाह पर रोक लग सकती है। जिला समन्वयक एम डी डी आफ इंडिया से संजय कुमार ने कहा कि बाल विवाह, यौन दुर्व्यवहार एवं बाल मजदूरी तीनों ही एक गंभीर समस्या है तथा इन सभी बाल अपराधों को खत्म करने के लिए एम डी डी ऑफ इंडिया संस्था लगातार अनेक

**अभियान**

**ऐसे में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के अभियान को चलाकर हम लड़कियों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं**

हितधारकों के साथ मिलकर कार्य कर रही है तथा उन हितधारकों के सहयोग के चलते ही हम निरंतर आगे बढते जा रहे हैं। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता दीपिका द्वारा सभी छात्र छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को बाल विवाह को मिटाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर एम डी डी आफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार, सामुदायिक कार्यकर्ता

# पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार: संजय लाहोट



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोकर माजरा के मुख्य अध्यापक संजय कुमार लाहोट ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण किया। संजय लाहोट ने कहा कि हम सबको अपने जन्मदिन या सालगिरह या परिवार में खुशी के अवसर पर अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण साफ सुथरा रहे। विद्यालय के प्राइमरी इंचार्ज जसबीर सैनी व धर्मवीर शास्त्री ने कहा कि आज हमारे लिए शुभ अवसर है कि मुख्याध्यापक संजय लाहोट के जन्मदिन के अवसर पर पौधा रोपण करने का सौभाग्य मिला।

# नकल रहित परीक्षा सामाजिक दायित्व, करें सहयोग: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र नकल की दृष्टि से काफी संवेदनशील होते हैं। ऐसे में संबंधित एसडीएम सुनिश्चित करें कि ग्राम पंचायत, नंबरदार मिलकर स्वयंसेवी निरीक्षक तैनात करें। नकल रहित परीक्षा एक सामाजिक पहल होनी चाहिए। इसके लिए समाज के जिम्मेदार व्यक्ति भी प्रशासन के साथ सहयोग सुनिश्चित करें। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिले में संवेदनशीलता के साथ नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि एसडीएम स्तर के उडनदस्ते



यह जांच लें कि किसी भी परीक्षा केंद्र में टूटी खिडकी व दरवाजे न हों। रिहायशी क्षेत्र में बने परीक्षा केंद्रों के आस-पास बने मकानों से कोई व्यक्ति नकल को बढ़ावा न दे। ऐसा करने वालों पर बिना किसी देरी प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। नकल रहित बोर्ड परीक्षा के लिए जरूरी है कि परीक्षा चाक चौबंद सुरक्षा में सुनिश्चित हो।

# स्वीकृत करवाये गये लाखों रुपये की लागत के विकास कार्य: कृष्णा

**टीम एक्न इंडिया**
**राई।** राई हलके की विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने हलके के विकास को गति देते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए लाखों रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दिलाई है। उन्होंने कहा कि राई हलके व हलकावासियों का चहुंमुखी विकास ही उनका लक्ष्य है, जिसकी प्राप्ति के लिए दिन-रात मंथन किया जा रहा है। ऐसे में हलकावासियों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

हलकावासियों की चिंता के लिए वे स्वयं मौजूद हैं। जनसेवक कृष्णा गहलावत ने प्रेस विज्ञप्ति के



माध्यम से स्वीकृत करवाये गये विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका कुंडली के वार्ड नंबर-19 में करीब नौ लाख रुपये की लागत से गली निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है, जिसे अति शीघ्र प्रारंभ करवायेंगे। मेहंदीपुर गांव में भी चार लाख रुपये की लागत से गली का निर्माण कार्य करवाया जाएगा, जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि जाटी खुर्द गांव में पांच लाख रुपये की लागत से गली के निर्माण कार्य की मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके साथ ही गांव अकबरपुर बारोटा में लगभग पांच लाख रुपये की लागत से तालाब की चारदिवारी का निर्माण कार्य करवाया जाएगा, जिसे स्वीकृत किया जा चुका है।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत: स्पेशल** एंटी गैंगस्टर यूनिट ने अवैध हथियार सहित युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उमेश कुमार उत्तर प्रदेश के जिला बुलंदशहर के जटवाई का है। आरोपित के खिलाफ थाना कुंडली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट की टीम गश्त पर थी। टीम जब कुंडली क्षेत्र में मौजूद थी तो सूचना मिली उत्तर प्रदेश के जिला बुलंदशहर का रहने वाला उमेश अवैध पिस्टल सहित हर्षवर्धन कालोनी में नाले की पुलिया के पास मौजूद है। टीम ने वहां पहुंच कर निगरानी शुरू की तो एक युवक घूमता दिखा। टीम ने उसे रोक कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान उमेश कुमार के रूप में दी।

# मेगा सर्विस कैंप ग्रामीणों के लिए साबित होगा लाभदायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) सचिव प्रचेता सिंह ने कहा है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से मेगा सर्विस शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आम जनता के लिए लाभ दायक होगा, क्योंकि उन्हें अपने घर द्वार पर विभिन्न विभागों के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की सूचना के साथ-साथ प्राधिकरण की योजनाओं की भी जानकारी मिलेगी। डीएलएसए के सहयोग से बीडीपीओ कार्यालय मुरथल में बुधवार को मेगा सर्विस शिविर का



आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ डीएलएसए सचिव प्रेचता सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने मेगा सर्विस कैंप में प्राधिकरण तथा अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं व योजनाओं की जानकारी हासिल की। इस मेगा सर्विस कैंप में लगभग 19 स्टॉल लगाये गये थे, जिनमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग, एनआईसी द्वारा सरल केंद्र, खाद्य एवं पूर्ति, पंजाब नेशनल बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार विभाग, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, हरियाणा राज्य परिवहन विभाग, रोटरी क्लब, डाक विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, एलमिको, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उद्यान विभाग सहित अन्य विभाग शामिल है। मैगा कैंप में जिला के लगभग 1100 प्रार्थियों ने अपनी दर्ज करवाई जिनमें से कुछ का समाधान तुरंत प्रभाव से मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी व्यक्ति अपने समस्या लेकर आता है तो प्रयास करें कि उसका मौके पर ही समाधान किया जा सके।

# नशीली दवाइयों की तस्करी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कुंडली** क्राइम यूनिट ने प्रतिबंधित दवाई मामले में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राकेश निवासी कोट मोहल्ला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। सहायक उप निरीक्षक सुरेश ने 14 फरवरी को बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बीज मार्केट के पास मौजूद थी। टीम को सूचना मिली कि कोट मोहल्ला का रहने वाला सन्नी प्रतिबंधित दवाइयों की तस्करी करता है। उसने अपने घर में दवाई छिपा रखी है। टीम ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद ड्रग्स कंट्रोल आफिसर मुंशीराम और राजपत्रित अधिकारी शिव कुमार की निगरानी में छापेमारी के लिए टीम गठित की गई। टीम ने कोट मोहल्ले में पहुंची तो घर के बाहर युवक खड़ा मिला। युवक ने उससे पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सन्नी के रूप में दी। टीम ने घर की तलाशी ली तो प्लास्टिक के थैलों में रखी प्रतिबंधित वनरेक्स कोडिन फास्फेट ट्रिपरोलाडाइन हाइड्रोक्लोराइड सिरप की एक हजार शीशी मिली। पुलिस ने शीशी अपने कब्जे में लेकर आरोपित सन्नी को गिरफ्तार कर लिया था।

# खुखराना गांव की शिफ्टिंग में अधिकारियों को तेजी से करना होगा कार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** खुखराना गांव की शिफ्टिंग को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने बिजली, सिंचाई, पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग, जिला नगर योजनाकार, राजस्व विभाग के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली व आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि गांव की शिफ्टिंग में देरी के लिए अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इस कार्य के लिए अधिकारियों को बार बार सूचित नहीं किया जाएगा। शिफ्टिंग का यह कार्य और तेजी से करने के लिए



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली की संपूर्ण व्यवस्था जल्दी से जल्दी की जाएं ताकि शिफ्टिंग में किसी तरह की देरी न हो।

उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी को पानीपत से 402 व 43 प्लाट धारकों को अलॉटमैंट लेटर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन प्लाटों के लिए आस पास की भूमि चयनित करने के लिए भी जानकारी ली। उपायुक्त ने 43 प्लाट धारकों के अलावा गांव में अन्य खाली प्लाटों की शिकायतों का निपटान करने के भी आदेश दिए। उपायुक्त ने 43 प्लाट धारकों के ड्रा करवाने का भी निर्देश दिया।

उपायुक्त ने तहसीलदार मतलौडा को 402 व 43 प्लाटों के रकबे का

**दिशा-निर्देश**

**बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली की संपूर्ण व्यवस्था जल्दी से जल्दी की जाएं**

मिलान करके लाभार्थियों को कब्जा देने बारे चर्चा की। उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से पानी की सप्लाई व सीवरेज लाइन दबाने के कार्य को जल्दी खत्म करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता को गलियों व सडको के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सब हैल्थ सैंटर के लिए भूमि के संदर्भ में अपडेट लिया व जिला योजनाकार अधिकारी को जल्द से जल्द खुखराना सौंदापुर के नक्शे तैयार करने के आदेश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज, सीईओ जिला परिषद डॉ.किरण, डीआरओ रणविजय सुल्तानिया, सीएमओ जयंत आहुजा, डीडीपीओ राजेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, एसडीओ बिजली विभाग नरेन्द्र जागलान, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कर्ण बहल, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता प्रदीप, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेश सैनी के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए: साक्षी मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमें स्कूल टाइम से ही खेलों में भाग लेना चाहिए। अपनी दिनचर्या में सभी को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। आप सुबह सैर पर जाएं, शारीरिक अभ्यास करें, किसी स्पोर्ट्स में भाग लें। इससे आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। साक्षी मलिक यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में दो दिवसीय 19वें



वार्षिक एथलीट मीट के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं। उनके साथ अर्जुन अवार्डी उनके पति सत्यव्रत कादियान भी मौजूद रहे। साक्षी मलिक ने खेल उत्सव में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि ओलिंपिक में पचास प्रतिशत मेडल हरियाणवी लेकर आते हैं। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाए रखना है। यह काम युवा ही कर सकते हैं। उन्होंने खुद स्कूल टाइम में खेल प्रतियोगिता में भाग लेना शुरू कर दिया था। जिन बच्चों को खेलों में ही अपना करिअर बनाना है, उन्हें शुरू से ही अपने खेल पर फोकस करना चाहिए।

# प्रवेश वर्मा ने यमुना नदी के घाटों का जायजा लिया





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा ने यमुना नदी के घाटों का जायजा लिया। उन्होंने नाव से सिग्नेचर ब्रिज, आईटीओ और छठ घाट से ओखला बैराज तक के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 10 दिन में यमुना नदी से 1,300 टन कचरा हटाया गया है। प्रवेश वर्मा ने एक्स पर यह विवरण साझा करते हुए कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार यमुना नदी की सफाई के साथ-साथ पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। यमुना नदी में फेरी और क्रूज सर्विस शुरू करने की योजना है। यह सेवा लगभग सात-आठ किलोमीटर के हिस्से में उपलब्ध होगी। फिलहाल सोनिया विहार और जगतपुर के बीच फेरी और क्रूज सर्विस शुरू होगी। वर्मा ने कहा कि दिल्ली सरकार यमुना नदी की सफाई के लिए लगातार काम कर रही है। 2023 में दिल्ली को बाढ़ का सामना करना पड़ा था। पहले सभी जल द्वार बंद कर दिए गए थे। अब भविष्य में बाढ़ को रोकने के लिए उनकी मरम्मत कराकर उन्हें ऊंचा किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के संकल्पों में प्रमुख वादा यमुना की सफाई रहा है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बुधवार को जीटीबी अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण भी किया।

## चुनाव प्रणाली में दक्षता के लिए प्रौद्योगिकी की उपयोगिता पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) का दो दिवसीय सम्मेलन आज यहां इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में संपन्न हुआ। सम्मेलन का परिणाम मौजूदा वैधानिक ढांचे और समय-समय पर जारी भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशों के अनुसार पहचाने गए 28 हितधारकों में से प्रत्येक के लिए एनिमेटेड वीडियो, ऑडियो बुक, ई-बुक और एक एकीकृत डैशबोर्ड जैसी प्रमुख सामग्री उपलब्ध होगी। क्षमता निर्माण के लिए आधुनिक दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक हितधारक के लिए



एनिमेटेड वीडियो का एक कैप्सूल तैयार किया जाएगा, जो उनसे संबंधित चुनावों के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से कवर करेगा। ये एनिमेटेड वीडियो प्रत्येक हितधारक के लिए स्व-गति से निरंतर सीखने का आसान माध्यम होंगे। चुनाव प्रणाली में दक्षता लाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के दृष्टिकोण और दृढ़ विश्वास के अनुरूप यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिए एक अनुकूलित डैशबोर्ड के साथ एक एकीकृत आईटी आर्किटेक्चर

**विचार-विमर्श**

**एनिमेटेड वीडियो, ऑडियो बुक, ई-बुक और एक एकीकृत डैशबोर्ड जैसी प्रमुख सामग्री उपलब्ध होगी**

तैयार किया जाएगा। एकल खिड़की प्लेटफॉर्म भूमिका-आधारित पहुंच के साथ सूचना के सुझाव और परिणाम प्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा। यह किसी भी मानवीय त्रुटि को कम करने के लिए अंतर्निहित क्रॉस सत्यापन के साथ पदाधिकारियों के बीच संचार को सुचारू बनाएगा। सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ प्रमुख सामग्री की समय पर उपलब्धता के लिए प्रत्येक सीईओ द्वारा प्रस्तुत कार्रवाई योग्य बिंदुओं की समीक्षा की। प्रत्येक सीईओ के लिए एक अलग हितधारक नियुक्त किया गया है। इन सत्रों ने अपने क्षेत्र के भीतर गलत सूचना और स्थानीय मुद्दों पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सीईओ और डीईओ स्तर पर संचार को मजबूत करने के लिए एक नई ऊर्जा का संकेत दिया। सीईओ ने तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में मतदाताओं के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया पर पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की।

## स्पेशल ओलंपिक्स भारत ने भारतीय दल के लिए किया विदाई समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** स्पेशल ओलंपिक्स भारत ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारतीय दल के लिए भव्य विदाई समारोह आयोजित किया। समारोह में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा और कार्यकारी निदेशक डॉ. वी.के. महेंद्रु उपस्थित रहे। इटली के ट्यूरिन में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में 49 सदस्यीय दल, जिसमें 30 एथलीट और 19 सहयोगी स्टाफ शामिल हैं, भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। 8 से 15 मार्च



तक आयोजित होने वाले इन खेलों में भारतीय दल छह खेल स्पधाओं एल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में भाग लेगा। इस वैश्विक प्रतियोगिता में 102 देशों के 1500 से अधिक एथलीट 8 खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय दल 6 मार्च को इटली के लिए रवाना होगा, जहां वे पूरी ताकत से प्रतिस्पर्धा करेंगे। समारोह में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अपने संबोधन में कहा कि स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड गेम्स में भाग लेने वाले हमारे अद्भुत भारतीय एथलीट दृढ़ संकल्प, साहस और उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। आपकी मेहनत और जुनून पूरे देश को प्रेरित करता है। पूरे देश की शुभकामनाएं आपके साथ हैं। स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि हमारे एथलीट पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। आपने अपने संघर्षों को पार कर इस मुकाम तक पहुंचने का साहस दिखाया है। कठिन परिस्थितियों में अपनी दृढ़ता को याद रखें और आप हर चुनौती को पार कर सकेंगे। हम सबकी शुभकामनाएं आपके साथ हैं।

### ओखला धोबी घाट इलाके की झुग्गी ध्वस्त करने के मामले में आज सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ओखला धोबी घाट इलाके की झुग्गी को ध्वस्त करने के खिलाफ दायर याचिका पर छह मार्च को सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने बुधवार को चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय के समक्ष आज ही सुनवाई की मांग की, लेकिन कोर्ट ने आज सुनवाई से इनकार करते हुए 6 मार्च को सुनवाई करने का आदेश दिया। यह याचिका धोबी घाट झुग्गी अधिकार मंच की ओर से दायर की गई है। पेश वरिष्ठ वकील अरुंधति काटजू ने कोर्ट को बताया कि झुग्गी के निवासियों को जल्द ही क्षेत्र में और अधिक तोड़फोड़ किये जाने की आशंका है।

## अनिवार्य विवाह पंजीकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने का आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को आदेश दिया है कि वो शादियों का अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करें। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र और दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वे सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन तीन महीने में सुनिश्चित करें। हाई कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को इस संबंध में तीन महीने के अंदर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी। याचिका आकाश गोयल ने दायर की है।




याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2006 में अपने फैसले में साफ कहा था कि शादियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। याचिका में कहा गया है कि शादियों के रजिस्ट्रेशन का मेकानिज्म काफी कठिन है जिसकी वजह से रजिस्ट्रेशन कराने वालों को काफी परेशानी होती है। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक शादियों के रजिस्ट्रेशन के लिए नियम बनाए गए हैं। दिल्ली सरकार ने 21 अप्रैल 2014 को शादियों के अनिवार्य रजिस्ट्रेशन के लिए कुछ प्रावधानों वाला एक आदेश जारी किया था। तब याचिकाकर्ता ने इन नियमों में कई खामियां गिनाई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ये नियम कार्यपालक प्रकृति के हैं। इसके लिए सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक कानून बनाना चाहिए ताकि शादियों का रजिस्ट्रेशन निर्बाध रूप से हो। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वो शादियों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक केंद्रीकृत डाटाबेस बनाने के लिए नियम बनाए।

## केजरीवाल को अगर विपासना करनी है तो अपने कर्मों का करें: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद अरविंद केजरीवाल अपने लिए एक कुर्सी ढूंढ रहे हैं क्योंकि उन्हें ऐशो आराम और सुख भोगने की आदत लग गई है। उन्होंने कहा कि विपासना तो सिर्फ एक बहाना है क्योंकि पिछली बार से इस बार विपासना की जगह भी बदल दी है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पंजाब में अरविंद केजरीवाल विपासना नहीं विलासिता करने गए हैं क्योंकि केजरीवाल आज जिस ऐश्वर्य में है, उस सहुलियत की आदत पिछले 12 सालों में उन्हें पड़ चुकी है। आज जिस प्रकार से उनके काफिले का वीडियो सामने आया है, वह अरविंद केजरीवाल के आम आदमी होने के दावे को झूठा साबित करता है। अरविंद केजरीवाल




पिछले 12 सालों से दिल्ली वासियों के टैक्स के पैसों से सत्ता सुख भोग रहे थे, जिसका जवाब आखिरकार जनता ने उन्हें दे दिया इसलिए अपनी राजनीतिक जमीन खिसकता देख अब वह पंजाब की जनता के टैक्स के पैसों को बर्बाद करने में लगे हैं। जो राजनीतिक उठा पटक हो रही है वह सबसे बड़ा कारण है अरविंद केजरीवाल का वहां विपासना करने का।

## छह दिवसीय साहित्योत्सव सात मार्च से: श्रीनिवासराव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** साहित्य अकादमी के साहित्योत्सव-2025 का आयोजन यहां के फिरोजशाह रोड स्थित रवीन्द्र भवन में 7 से 12 मार्च तक किया जाएगा। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत इसका उद्घाटन करेंगे। इस साहित्योत्सव में पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और गोवा के राज्यपाल पीएस. श्रीधरन पिल्लै विशेष रूप से भाग ले रहे हैं। यह जानकारी साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में दी। डॉ. श्रीनिवासराव ने बताया कि पिछली बार का साहित्योत्सव-2024 दुनिया का सबसे बड़ा साहित्योत्सव था। इस वर्ष का साहित्योत्सव-2025 एशिया का सबसे बड़ा साहित्य उत्सव होगा। इस साहित्योत्सव में 100 से अधिक सत्रों में 700 से अधिक प्रसिद्ध लेखक और विद्वान भाग लेंगे। इसमें देश की 50 से अधिक भाषाओं का भी प्रतिनिधित्व होगा। साहित्योत्सव का मुख्य आकर्षण साहित्य



अकादमी पुरस्कार 2024 अर्पण समारोह होगा, जो 8 मार्च को कमानी सभागार में शाम 05 बजे होगा। इस पुरस्कार-अर्पण समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात अंग्रेजी नाटककार महेश दत्तानी होंगे। प्रतिष्ठित संवत्सर व्याख्यान प्रख्यात अंग्रेजी लेखक उपमन्यु चटर्जी द्वारा 9 मार्च को शाम 6.30 बजे मेघदूत मुक्ताकाशी मंच पर होगा। छह दिवसीय इस साहित्योत्सव में इस बार की राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय है-भारतीय साहित्यिक परंपराएं: विरासत और विकास। इसके अतिरिक्त प्रख्यात मलयालम लेखक ओमचेरी एनएन पिल्लै जन्मशतवार्षिकी संगोष्ठी, मोहन राकेश जन्मशतवार्षिकी संगोष्ठी, प्रख्यात गीतकार गोपालदास नीरज के गीतों पर चर्चा, जितेंद्र भाटिया के साथ कथासंधि तथा लेखक से भेंट के अंतर्गत सुबोध सरकार से रूबरू कराया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत राकेश चौरसिया द्वारा बांसुरी वादन, फौजिया दास्तानगो द्वारा दास्तान-ए-महाभारत तथा नलिनी जोशी द्वारा हिंदुस्तानी गायन प्रस्तुत किया जाएगा। भारतीय नदियों के नाम पर निर्मित किए गए सभागारों में सुबह 10 से शाम 06 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों में बहुभाषी कहानी-पाठ, पूर्वोत्तरी, उत्तर-पूर्वी लेखक सम्मेलन, बहुभाषी कविता-पाठ, युवा साहिती और एलजीबीटीक्यू लेखक सम्मेलन के अतिरिक्त भारत में आत्मकथात्मक साहित्य, भारत की साहित्यिक कृतियों में लुप्त होता ग्रामीण समाज, विभाजन पर केंद्रित भारतीय साहित्य, अनुवाद में संस्कृति चित्रण, सिनेमा के लिए फिल्माई गई साहित्यिक कृतियां, साहित्य की सार्वभौमिकता, वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य में भारतीय साहित्य, स्वातंत्र्योत्तर भारतीय साहित्य में राष्ट्रीयता आदि विषयों पर चर्चा होगी।




विश्व हिंदू परिषद जिला नरेला के अलीपुर प्रखंड का नाम हरिपुर और कुतुबगढ़ खंड का नाम केशवगढ़ किए जाने के आशय हेतु एक मांग/आग्रह पत्र दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को उनके निवास पर मनोज बंसल ने दी।

## इग्नू ने दीक्षांत समारोह में 3 लाख से अधिक डिग्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने बुधवार को अपने 38वें दीक्षांत समारोह में 3 लाख से अधिक डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किए। दीक्षांत का मुख्य समारोह इग्नू के मैदान गढ़ी स्थित मुख्यालय में आयोजित किया गया। इसके अलावा देश भर में इग्नू के 39 क्षेत्रीय केंद्रों और 15 देशों में विश्वविद्यालय के विदेशी केंद्रों पर एक साथ समारोह आयोजित किया गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इग्नू 38वें दीक्षांत समारोह में 3.17 लाख से अधिक



सफल शिक्षार्थियों की सफलता का जश्न मना रहा है। यह विश्वविद्यालय के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने में इग्नू की भूमिका पर जोर देते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इग्नू इन सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इग्नू कामकाजी पेशेवरों, अंतरराष्ट्रीय छात्रों, जेल के कैदियों और रक्षा कर्मियों के लिए विविध कार्यक्रम पेश कर

**समारोह**

**देश भर में इग्नू के 39 क्षेत्रीय केंद्रों और 15 देशों में विश्वविद्यालय के विदेशी केंद्रों पर एक साथ समारोह आयोजित किया**

रहा है। कई भाषाओं में एमबीए पाठ्यक्रमों सहित इसकी क्षेत्रीय भाषा पहल, बेहतर समझ में मदद करेगी और सुलभता को बढ़ावा देगी। धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संबोधन में कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दूरस्थ रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए एआई और डिजिटल लर्निंग जैसी तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण पहल सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रम सभी स्तरों पर शिक्षा को मजबूत कर रहे हैं। प्रधान ने कहा कि हम 2047 तक विकसित भारत की दिशा में काम कर रहे हैं।
ऐसे में इग्नू को डिजिटल शिक्षा का विस्तार, वैश्विक सहयोग को मजबूत करना और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक प्रो. पवन कुमार सिंह ने उच्च शिक्षा को समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाने के इग्नू के प्रयासों की सराहना की।

## चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने में कार्ति चिदंबरम पर कार्यवाही रोकने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने में रिश्वत लेने के मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम की अदालत की कार्यवाही रोकने की मांग पर आज सुनवाई टाल दी। आज सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील ने कार्ति चिदंबरम की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई 07 मार्च को करने का आदेश दिया। इस मामले में कार्ति चिदंबरम की ओर से पेश वकील

**सुनवाई**

**कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम की अदालत की कार्यवाही रोकने की मांग पर सुनवाई टाल दी**

सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि इस मामले में अभियोजन चलाने के लिए जरूरी अनुमति नहीं ली गई है। ऐसे में कोई भी कानूनी कार्यवाही का कोई मतलब नहीं रह जाता है। कोर्ट ने 06 जून 2024 को कार्ति चिदंबरम को जमानत दी थी। कोर्ट ने 19 मार्च 2024 को ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। इस मामले में ईडी ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कर रमन, पदम दुगार, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, विकास मखरिया, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और मंसूर सिद्दीकी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने 25 जनवरी 2024 को चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में सीबीआई ने मई, 2022 में पी चिदंबरम के आवास पर छापा मारा था। सीबीआई के केस दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया था।

## 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप- चौथे दिन के मुकाबलों में उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़ और केरल की जीत

एजेंसी
**पंचकूला।** 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के चौथे दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां हॉकी उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ हॉकी और हॉकी चंडीगढ़ ने डिवीजन 'बी' में जीत दर्ज की, जबकि केरल हॉकी ने डिवीजन 'सी' में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। डिवीजन 'बी' के मुकाबले में हॉकी उत्तराखंड ने तेलंगाना हॉकी को 1-0 से हराया। वर्तिका रावत (45' मिनट) ने मैच का एकमात्र गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं, छत्तीसगढ़ हॉकी ने दिल्ली हॉकी को 2-1 से शिकस्त दी। दिल्ली की सोनाली (8' मिनट) ने पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन लीना कोसरे (22' मिनट) और लहरे ममतेश्वरी (43' मिनट) ने गोल दागकर छत्तीसगढ़ हॉकी को मुकाबला जिताया। तीसरे मुकाबले में हॉकी चंडीगढ़ ने हॉकी हिमाचल को 4-1 के बड़े अंतर से हराया। मैच में चंडीगढ़ की सोनू (30', 42' मिनट) ने दो गोल किए, जबकि रवीना रानी (17' मिनट) और कप्तान राखी (59' मिनट) ने एक-एक गोल दागा। हॉकी हिमाचल की ओर से भूमिका चौहान (36' मिनट) ने एकमात्र गोल किया।

## भारत से मिली हार के बाद बोले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ- मेरा विकेट गलत समय पर गिरा

**दुबई।** मैच के बाद स्मिथ ने कहा, मेरा प्लान तेज गेंदबाजों पर दबाव बनाने और स्पिनरों के खिलाफ स्ट्राइक रोटेट करने का था, लेकिन मैं इसे अच्छे से लागू नहीं कर पाया। मेरा विकेट गलत समय पर गिरा। अगर मैं थोड़ी देर और टिकता, तो हम 300 के करीब पहुंच सकते थे। एलेक्स कैरी अच्छा खेल रहा था। यह निराशाजनक था, लेकिन क्रिकेट में ऐसा होता है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 265 रनों का लक्ष्य दिया, लेकिन स्मिथ को लगा कि यह पिच टूर्नामेंट की सबसे बल्लेबाजी अनुकूल पिच थी और उनकी टीम को बड़ा स्कोर बनाना चाहिए था। उन्होंने कहा, हमें 300 के पार स्कोर करने के मौके मिले थे, लेकिन हम महत्वपूर्ण मौकों पर एक विकेट ज्यादा गंवा बैठे। अगर किसी एक साझेदारी को और लंबा खींच पाते, तो 290-300 तक पहुंच सकते थे और भारत पर दबाव बना सकते थे।

इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग भी खराब रही। उन्होंने रोहित शर्मा के दो कैच छोड़े और विराट कोहली का कैच भी 51 रन पर टपका दिया। हालांकि, ये सभी कैच मुश्किल थे। स्मिथ ने कहा, जब आपके पास सिर्फ 260 रन का स्कोर हो, तो हर मौके को भुनाना जरूरी होता है। लेकिन ऐसा होता है, कोई भी जानबूझकर कैच नहीं छोड़ता। ये खेल का हिस्सा है।

## आईपीएल की जंग के लिए धौलाधार की वादियों में पसीना बहा रहे पंजाब किंग्स के खिलाड़ी

**धर्मशाला।** आईपीएल सीजन शुरू होने से पूर्व पंजाब किंग्स के खिलाड़ी धौलाधार की वादियों में ठंडे मौसम के बीच पसीना बहा रहे हैं। एचपीसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मंगलवार से पंजाब किंग्स की टीम प्रैक्टिस के लिए उतरी। पंजाब के खिलाड़ी आईपीएल मैचों के लिए पूर्व अपने होम ग्राउंड धर्मशाला में तैयारियों के लिए 5 दिवसीय अभ्यास सत्र के लिए यहां पहुंचे हैं। टीम के स्टार खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह और युजवेंद्र चहल सहित 11 सदस्य कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। वे अपनी रणनीतियों को और बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। इस दौरान एचपीसीए के खिलाड़ी भी पंजाब किंग्स के साथ प्रैक्टिस कर रहे हैं।

धर्मशाला स्टेडियम में स्टार क्रिकेटरों को देखने के लिए प्रशंसक भी पहुंच रहे हैं। युवा फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए लंबा इंतजार कर रहे हैं। दर्शक दीर्घा में बैठे लोग मोबाइल से फोटो और वीडियो बना रहे हैं। हालांकि इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत आम लोगों को खिलाड़ियों से मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही। पंजाब किंग्स की टीम आगले 3 दिनों तक धर्मशाला में प्रैक्टिस करेगी। मौसम अनुकूल रहा तो इस दौरान अभ्यास मैच भी खेले जाएंगे।

## बीसीसीआई ने महान स्पिनर पद्माकर शिवलकर के निधन पर शोक व्यक्त किया

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महान बाएं हाथ के स्पिनर पद्माकर शिवलकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शिवलकर का निधन हो गया। वे भारतीय घरेलू क्रिकेट के दिग्गजों में गिने जाते थे और अपनी शानदार गेंदबाजी के लिए प्रसिद्ध थे।

शिवलकर ने 124 प्रथम श्रेणी मैचों में 589 विकेट लिए, उनका गेंदबाजी औसत 19.69 रहा। उन्होंने 1972-73 के रणजी ट्रॉफी फाइनल में 8/16 और 5/18 के आंकड़े के साथ मुंबई (तत्कालीन बॉम्बे) को तमिलनाडु के खिलाफ खिताबी जीत दिलाई। वे अपनी सटीक लाइन-लेंथ, फ्लाइट और टर्न के लिए प्रसिद्ध थे। उनकी गेंदबाजी में इतनी विविधता और चतुराई थी कि दिग्गज बल्लेबाज भी उन्हें खेलने में संघर्ष करते थे। उन्होंने अपने 40वें दशक तक शानदार गेंदबाजी जारी रखी। शिवलकर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं हो सका, क्योंकि उनके समय में बिशन सिंह बेदी जैसे महान स्पिनर भारतीय टीम का हिस्सा थे।

# ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर भारत चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

एजेंसी
**दुबई।** मोहम्मद शमी (तीन विकेट) वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा (दो-दो) विकेट की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (84), केएल राहुल (नाबाद 42) और श्रेयस अय्यर (45) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में 11 गेंदें शेष रहते ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। 265 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 43 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। शुभमन गिल (आठ) और कप्तान रोहित शर्मा (28) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुईं। 27वें ओवर में एडम जम्पा ने श्रेयस अय्यर को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंदों में (45) रनों की पारी खेली। अक्षर पटेल (27) को नेथन एलिस ने बोल्ड किया। 43वें ओवर में एडम जम्पा ने शतक की ओर बढ़ रहे विराट कोहली को आउटकर भारत को पांचवां झटका दिया। विराट कोहली ने 98 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (84) रनों की पारी खेली। तूफानी बल्लेबाजी कर रहे





हार्दिक पंड्या को 48वें ओवर में नेथन एलिस ने मैक्सवेल के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया को छठी सफलता दिलाई। हार्दिक ने 24 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए (28) रनों की पारी खेली। के एल राहुल ने 34 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 42) रन बनाये। रवींद्र जडेजा (दो) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। इसी के साथ भारत टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गया है जहां उसका मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा और नेथन एलिस ने दो-दो विकेट लिये। बेन ड्वारशियस और कूपर कॉनोली ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चार रन के स्कोर पर कूपर कॉनोली (शून्य) का विकेट गवां दिया। कूपर कॉनोली को मोहम्मद शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने ट्रैविस हेड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

# व्यक्तिगत उलब्धियां मेरे लिये मायने नहीं रखती : कोहली

एजेंसी
**दुबई ।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज और चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के 'प्लेयर ऑफ द मैच' विराट कोहली ने कहा कि व्यक्तिगत उपलब्धियां मेरे लिये मायने नहीं रखती। ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में विराट कोहली ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच जैसा ही प्रदर्शन था। उन्होंने कहा कि मैं बस परिस्थिति के हिसाब से खेलना चाहता था क्योंकि इस पिच पर साझेदारी बेहद जरूरी थी।मैंने हड़बड़ी नहीं दिखाई। मैंने जो सिंगल्स लिए, वही मेरे लिए सबसे संतोषजनक हिस्सा था। मैं अपने खेल से खुश था।

उन्होंने कहा कि जब एक बल्लेबाज के तौर पर गैप निकालने में सक्षम होते हैं तब बात कुछ और होती है। अगर हाथ में विकेट शेष हों तो रन रेट मायने नहीं रखता क्योंकि विपक्षी टीम को भी पता होता है कि मैच जीतने के लिए विकेट ही जरूरी है। विराट ने अपनी फॉर्म को लेकर सवाल के जवाब में कहा कि मुझे नहीं पता। यह आप लोगों पर निर्भर करता है कि आप इसे किस तरह



आंकते हैं। मैंने कभी इन चीजो पर ध्यान नहीं दिया। टीम के लिए मैच जीतना सबसे जरुरी है, व्यक्तिगत उपलब्धियां मेरे लिए मायने नहीं रखतीं और मैंने अपने पूरे करियर में यही किया है।

# टाटा आईपीएल 2025 सीजन की शुरुआत, टिकटों की बिक्री शुरू

एजेंसी
**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) ने टाटा आईपीएल 2025 सीजन की शुरुआत की है, जिसके लिए टिकटों की बिक्री पांच मार्च से शुरू होगी।

गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने यहां जारी एक बयान में कहा कि टाटा आईपीएल 2025 के एक और धमाकेदार सीजन के लिए उत्साह के साथ, गुजरात टाइटन्स (जीटी) दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने घरेलू मैचों के लिए प्रशंसकों और दर्शकों का स्वागत करता है। गुजरात फ्रैंचाइज़ी ने बुधवार, पांच मार्च से लाइव होने वाले ऑनलाइन टिकटों की घोषणा की है। डिस्ट्रिक्ट बाय ज़ोमैटो आधिकारिक टिकटिंग पार्टनर है और प्रशंसक गुजरात टाइटन्स (जीटी) ऐप और डिस्ट्रिक्ट ऐप पर ऑनलाइन टिकट खरीद सकते हैं।

गुजरात राज्य की भावना और बढ़ते वैश्विक फैन्स बेस के प्यार और समर्थन के आधार पर, गुजरात टाइटन्स अहमदाबाद में अपने घरेलू मैचों के साथ एक और रोमांचक सीज़न के लिए तैयार है। टिकटिंग का पहला चरण ऑनलाइन खरीद के लिए लाइव होगा, जहाँ प्रशंसक और खेल प्रेमी अपनी मनचाही जगह पा सकेंगे। टीम टिकट बुकिंग को सहज बनाने के लिए कदम उठा रही है और जल्द ही ऑफलाइन टिकटों की उपलब्धता की स्पष्ट घोषणा करेगी। श्री सिंह ने कहा कि प्रशंसक किसी भी टीम की रीढ़ होते हैं और यह सुनिश्चित करना कि उन्हें एक संपूर्ण अनुभव मिले, हमारी प्राथमिकता है। जब से हमने अपने घरेलू स्टेडियम 'नरेंद्र मोदी स्टेडियम' में खेलना शुरू किया है, हमने इस बात पर पूरा ध्यान दिया है कि हम प्रशंसकों और दर्शकों के लिए मैच देखने के अनुभव को कैसे बेहतर बना सकते हैं। पिछले साल, हमने 90 प्रतिशत से अधिक टिकट ऑनलाइन खरीदे थे और हमारे प्रशंसकों को घर पर डिलीवर किए थे।

चूंकि 2025 का सीजन शुरू होने वाला है, इसलिए हम एक मल्टी-मॉडल टिकटिंग सिस्टम लेकर आए हैं जो हमारे प्रशंसकों को उनके टिकट प्राप्त करने से लेकर स्टेडियम में उनके समय का आनंद लेने तक एक सहज अनुभव देगा।

उन्हें चरणबद्ध तरीके से टिकटों से लेकर अन्य रोमांचक इन-स्टेडियम गतिविधियों तक सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें आसानी हो और वे बड़ी संख्या में आ सकें और स्टेडियम में सर्वोत्कृष्ट ''आववा दे भावना ला सकें।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी
**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में भारतीय टीम के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हुई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के अनुभवी खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने वनडे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभाल रहे थे। उन्होंने खेले गए सेमीफाइनल में 73 रनों की पारी भी खेली, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया को जीत नहीं दिला पाए और टीम को भारत के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। फिलहाल स्मिथ टेस्ट और टी20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे। अपने वनडे करियर को अलविदा कहते हुए स्मिथ ने बुधवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी बयान में कहा कि यह एक शानदार सफर रहा है और मैंने हर पल का आनंद लिया। दो विश्व कप जीतना अविश्वसनीय अनुभव



था। अब 2027 विश्व कप की तैयारी शुरू करने का सही समय है, इसलिए मुझे लगता है कि यह वनडे से संन्यास लेने का उपयुक्त अवसर है। उन्होंने आगे कहा कि टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल, वेस्टइंडीज दौरे और फिर इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज को लेकर उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि मेरे पास अभी भी इस प्रारूप में देने के लिए बहुत कुछ है। स्मिथ, ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल वनडे खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑलराउंडर के रूप में अपना वनडे डेब्यू किया था। बाद में वह टीम के प्रमुख बल्लेबाज बन गए। अपने वनडे करियर में उन्होंने 170 मैचों में 43.28 की औसत से 5,800 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने 28 विकेट भी हासिल किए। स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 की विश्व कप विजेता टीमों का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने 64 वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी भी।

# उत्तराखंड, केरल, चंड़ीगढ़ और छत्तीसगढ़ ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की

एजेंसी
**पंचकूला।** 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के चौथे दिन उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, केरल और हॉकी चंडीगढ़ ने अपने-अपने खेलों में जीत हासिल की। दिन के पहले मैच में उत्तराखंड ने तेलंगाना हॉकी को डिवीजन 'बी' में 1-0 से हराया। वर्तिका रावत ने (45वें) मिनट में उत्तराखंड के लिए मैच का एकमात्र गोल करके तेलंगाना हॉकी को जीत दिलाई।

दूसरे मैच में, छत्तीसगढ़ ने डिविजन 'बी' में दिल्ली को करीबी मुकाबले में 2-1 से हराया। दिल्ली हॉकी के लिए मैच का पहला गोल सोनाली ने (आठवें) मिनट में किया। इसके जवाब में छत्तीसगढ़ के लिए लीना कोसरे ने (22वें) और लहरे ममतेश्वरी ने (43वें) मिनट गोल किए यह टूर्नामेंट में



छत्तीसगढ़ की दूसरी जीत हैं।

डिविजन 'बी' के दूसरे मैच में चंडीगढ़ ने हिमाचल को 4-1 से हराया। चंड़ीगढ़ के लिए सोनू ने (30वें, 42वें) मिनट में गोल किए, जबकि रवीना रानी ने (17वें) और कैप्टन राखी ने (59वें) मिनट गोल करके अंतिम सीटी बजने तक कुल चार गोल किए। दूसरी ओर, भूमिका चौहान ने (36वें) मिनट हॉकी हिमाचल के लिए सांत्वना गोल किया।

डिविजन 'सी' के पहले मैच में, केरल हॉकी ने दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी को करीबी मुकाबले में 3-2 से हराया। हाफ टाइम ब्रेक के बाद दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी के लिए बघेल वैष्णवी ने (33वें) तथा सत्य गुप्ता ने (39वें) मिनट एक-एक गोल किया। वहीं, केरल हॉकी के लिए स्वेता एस ने (22वे) मिनट में खाता खोला। कविता ने (51वें) मिनट गोलकर स्कोर बराबर कर दिया। कप्तान अंजू शाजी ने (55वें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## चैंपियंस लीग : बार्सिलोना और बेनफिका के बीच रोमांचक मुकाबले की तैयारी

एजेंसी
**मैड्रिड।** स्पेनिश क्लब एफसी बार्सिलोना बुधवार को चैंपियंस लीग के अंतिम-16 के पहले चरण के मुकाबले के लिए लिस्बन में पुर्तगाली क्लब बेनफिका का सामना करेगा। यह मैच ग्रुप चरण में हुई रोमांचक भिड़ंत के दो महीने बाद खेला जा रहा है, जिसमें बार्सिलोना ने शानदार वापसी करते हुए 5-4 से जीत दर्ज की थी। उस मुकाबले में बार्सिलोना 3-1 और 4-2 से पीछे था, लेकिन अंतिम पलों में राफिन्हा के गोल ने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।

बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक की टीम जनवरी के अंत से जबरदस्त फॉर्म में है और वर्तमान में स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है। टीम के पास एटलेटिको मैड्रिड पर एक अंक और रियल मैड्रिड पर तीन अंकों की बढ़त है। बार्सिलोना ने रियल सोसिएदाद को 4-0 से हराया। इस मुकाबले में 17वें मिनट में विपक्षी डिफेंडर एरिट्ज़ इलुस्टोंडो के रेड कार्ड के बाद बार्सिलोना ने आसानी से जीत हासिल की।

इस दौरान फ्लिक ने पाउ कुबर्सी, पेड्री, राफिन्हा, डैनी ओल्मो और रोनाल्ड अराउजो को आराम दिया, जबकि डिफेंडर इनिगो मार्टिनेज पूरे मैच में बेंच पर रहे। के मुकाबले में पेड्री, राफिन्हा और डैनी ओल्मो की वापसी तय मानी जा रही है, जबकि फ्रेंकी डी जोंग के मिडफील्ड में मार्क कासाडो की जगह खेलने की संभावना है। बेनफिका के कोच ब्रूनो लैगे को कई खिलाड़ियों की चोटों की समस्या से जूझना पड़ रहा है। अलेक्जेंडर बाह, रेनेटो सांचेस, मनु सिल्वा और टियागो गोविया इस मुकाबले से बाहर हैं। इसके अलावा, अनुभवी विंगर एंजेल डि मारिया भी मांसपेशियों की चोट के कारण बाहर हो सकते हैं।

# भारत करेगा दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारत 29 मार्च से शुरू होने वाली दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और योगासन भारत के सहयोग से 29 से 31 मार्च तक इंदिरा गांधी एरिना में दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप आयोजित किये जाने घोषणा की।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ संगठन के समर्थन प्राप्त इस चैंपियनशिप में 16 देशों के एथलीट भाग लेंगे। चैंपियनशिप का उद्देश्य अपनी समृद्ध विरासत और गहरे सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुये योगासन को एक खेल के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देना है और योगासन को विश्व स्तर पर एक खेल के रूप में बढ़ावा देना और ओलंपिक में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल करने की दिशा में एक रोडमैप बनाना है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख

सत्यमेव जयते
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS
Government of India

मांडविया ने योग की वैश्विक यात्रा को लेकर कहा, भारत, योग की जन्मस्थली होने के नाते, दूसरी एशियाई योगासन चैम्पियनशिप की मेजबानी करते हुए अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे प्राचीन योगिक ज्ञान के आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल में रूपांतरित होने का उत्सव है। हम योगासन को एक वैश्विक खेल अनुशासन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह चैम्पियनशिप उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके जरिये हम न केवल योगासन के अद्भुत कौशल को प्रदर्शित कर रहे हैं, बल्कि इसके शारीरिक और मानसिक रूप से जीवन को रूपांतरित करने की शक्ति को भी उजागर कर रहे हैं। मुझे भरोसा है कि यह चैम्पियनशिप अत्यंत सफल होगी और भारत के नेतृत्व में विश्वभर में समग्र कल्याण और संतुलित जीवन के सिद्धांतों को एक नयी दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर एशियाई योगासन के अध्यक्ष डॉ. संजय मालपानी ने कहा, दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा का मिश्रण देख रहे हैं। यह चैंपियनशिप इस बात का सबूत है कि योगासन सिर्फ एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक प्रतिस्पर्धी खेल है, जो सटीकता, सहनशक्ति और कलात्मकता की मांग करता है। प्रतिस्पर्धा करने वाले प्रत्येक एथलीट के साथ, हम योगासनों को विश्व मंच पर उचित स्थान दिलाने के एक कदम और करीब पहुंचते हैं।

## हीरो डब्ल्यूपीजीटी के पांचवें चरण में वाणी को स्नेहा से मिलेगी कड़ी चुनौती

एजेंसी
**गुरुग्राम।** हीरो विमेंस प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के पांचवें चरण में अनुभवी वाणी कपूर अपनी शानदार लय बरकरार रखने उतरेंगी। वाणी ने पिछले महीने चौथे चरण में रोमांचक जीत दर्ज की थी और अब क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में होने वाले इस टूर्नामेंट में एक और खिताब अपने नाम करने की कोशिश करेंगी। इस टूर्नामेंट में कुल 38 खिलाड़ी भाग ले रही हैं, जिसमें 5 एमेच्योर गोल्फर भी शामिल हैं। टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि 16 लाख रुपये रखी गई है। वाणी को इस बार कड़ी चुनौती स्नेहा सिंह से मिलने की संभावना है, जो इस सीजन में दो खिताब जीतकर हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर बनी हुई हैं।

# बीजिंग हाफ मैराथन में दौड़ेंगे ह्यूमनॉइड रोबोट

एजेंसी
**बीजिंग।** इस साल अप्रैल में होने वाले बीजिंग हॉफ मैराथन में मानवरूपी (ह्यूमनॉइड) रोबोट हिस्सा लेंगे, जबकि अगस्त में ह्यूमनॉइड रोबोट खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। यह जानकारी बीजिंग नगर सरकार के सूचना कार्यालय द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी गई। यह हाफ मैराथन बीजिंग के दक्षिण-पूर्व में स्थित बीजिंग आर्थिक-तकनीकी विकास क्षेत्र में 13 अप्रैल को होगी। इस प्रतियोगिता में रोबोट और मानव एथलीट एक ही मार्ग पर दौड़ेंगे, लेकिन रोबोटों के लिए अलग ट्रैक निर्धारित किया जाएगा।

इन ट्रैकों को बैरियर या ग्रीन बेल्ट से सुरक्षित किया जाएगा, जिससे मानव और रोबोट दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रतियोगिता के लिए रोबोटों के लिए अधिकतम समय सीमा 3 घंटे 30 मिनट निर्धारित की गई है। इस दौरान टीमें बैटरी बदलने या रिले फॉर्मेट में रोबोट बदलने की अनुमति प्राप्त करेंगी। अंतिम मूल्यांकन में समय और प्रतिस्थापन



की संख्या को ध्यान में रखा जाएगा, जहां प्रत्येक प्रतिस्थापन पर 10 मिनट का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। प्रतिभागी रोबोटों को ह्यूमनॉइड डिजाइन का होना आवश्यक है और वे केवल द्विपाद चाल (बाइपेडल वॉकिंग या रनिंग) में सक्षम होने चाहिए। पहिएदार रोबोटों को इस प्रतियोगिता में अनुमति नहीं होगी। नियंत्रण विधियों में मैनुअल रिमोट कंट्रोल (अर्ध-स्वायत्त सहित) या पूर्ण स्वायत्त संचालन शामिल हो सकते हैं। टीमें यह सुनिश्चित करेंगी कि उनके रोबोट ट्रैक, अन्य रोबोटों या आसपास के लोगों को नुकसान न पहुँचाएं और वे निर्दिष्ट मार्ग और सभी तकनीकी नियमों का पालन करें।

प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहने वाले रोबोट को क्रमशः 5,000, 4,000 और 3,000 युआन (लगभग 697, 558 और 418 अमेरिकी डॉलर) का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा, अन्य विशेष पुरस्कार जैसे 'कम्प्लीशन अवॉर्ड', 'बेस्ट एंड्योरेंस अवॉर्ड' और 'मोस्ट क्रिएटिव डिज़ाइन अवॉर्ड' भी प्रदान किए जाएंगे।

# न्यूजीलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम टी-20 से बाहर हुए बाबर,रिजवान

एजेंसी
**लाहौर।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को टीम से बाहर कर दिया है। चयनकर्ताओं ने चैंपियंस ट्रॉफी से पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन बाद न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित टीम में कई बदलाव किये है। जिसके तहत रिजवान और बाबर आजम को पाकिस्तान की टी-20 टीम से बाहर कर दिया है। सलमान आगा को टी-20 कप्तानी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई है उन्हें उप-कप्तान बनाया गया है। हालांकि एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मोहम्मद रिजवान की कप्तानी बरकरार रखी गई। लेकिन शाहीन अफरीदी को बाहर कर दिया गया है। घरेलू टी20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 27 वर्षीय बड़े हिटर बल्लेबाज अब्दुल समद टीम में शामिल किया गया हैं। क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ को टीम में जगह दी है।

एकदिवसीय टीम में अफरीदी को बाहर करने के अलावा कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। वह दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज में





पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। रिजवान एकदिवसीय टीम के कप्तान बने रहेंगे और बाबर को भी टीम में बरकरार रखा गया हैं। अब्दुल्ला शफीक टीम में वापसी हुई हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अकिफ जावेद को एकदिवसीय टीम में पहली बार चुना गया है जबकि सुफियान मुकीम की भी वापसी हुई है।

पाकिस्तान 16 मार्च से न्यूजीलैंड में पांच टी-20 मैच खेलेगा और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज होगी।

न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित पाकिस्तान टी-20 टीमः हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, सलमान आगा (कप्तान), इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद और उस्मान खान।

पाकिस्तान एकदिवसीय टीमः मोहम्मद रिजवान (कप्तान), सलमान आगा, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आकिफ जावेद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, इमाम-उल-हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम जूनियर, इरफान नियाजी, नसीम शाह, सुफियान मुकीम और तय्यब ताहिर।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

**फास्ट न्यूज**

## अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी:** देवी-देवताओं की विदाई के साथ सात दिवसीय छोटी काशी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव बुधवार को संपन्न हो गया। महोत्सव की तीसरी और अंतिम जलेब राज देवता माधो राय की अगुवाई में शाही अंदाज में निकली। जलेब में देव माधो राय की पालकी के साथ चुनिंदा देव रथ चले। जलेब में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भी शिरकत की। बुधवार को चौहटा की जातर के बाद दोपहर एक बजे के बाद जलेब शुरू हुई। देवता छाजणू और छमांहू जलेब में सबसे आगे रहे। उनके पीछे कोटलू घटोत्कच, देव कोटलू, देव विष्णु मतलोड़ा, देव मगरू महादेव, बायला नारायण, सराज घाटी के देव बिट्ठू नारायण, लक्ष्मी नारायण, तुंगासी ब्रह्मदेव, महामाया निहरी, अंबिका नाऊ, राज देवता माधो राय की पालकी, शुकदेव थट्टा, चौहार घाटी के बड़ा देव हुरंग नारायण, देव पशाकोट, देव घड़ौनी नारायण, देव पेखर का गैहरी आदि देवता भी चले। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राज देवता माधो राय और आराध्य देव बाबा भूतनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर जलेब धूमधाम से चौहटा, मोती बाजार, भूतनाथ बाजार होते हुए पड्डल मैदान में पहुंची।
देव आदि ब्रह्मा ने बांधी सुरक्षा कार उत्तरशाल के टिहरी के देव आदि ब्रह्मा ने कार बांधकर सुरक्षा और समृद्धि के लिए कवच प्रदान किया। परंपरा में बुधवार को सेरी मंच के साथ सटे प्राचीन श्यामाकाली मंदिर से देवता के गूरों ने शहर की परिक्रमा शुरू की। इसके बाद चौहटा से समखेतर होते हुए दोबारा सेरी मंच पहुंचे। देवलुओं ने जौ के आटे को गुलाल की तरह हवा में उछाल कर बुरी आत्माओं को दूर करने का आह्वान किया। राजाशाही के समय राजा देव आदि ब्रह्मा से कार बंधवाते थे।

## 'मिशन शक्ति मेला' लगायेगी सरकार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा को नए आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) को प्रदेश के 75 जिलों में मिशन शक्ति का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और शिक्षा को बढ़ावा देगा, बल्कि जमीनी स्तर पर बालिकाओं की आत्मरक्षा, जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता को भी सशक्त करेगा।

# 1400 करोड़ से मिलेगी एकीकृत एपीआई

## ग्रीन हाइड्रोजन और इथेनॉल सुविधा, 1000 युवाओं को मिलेगा रोजगार: मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**करार**

**▸▸ शुरूआत में इस परियोजना को पहले चरण में 30 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन की आवश्यकता होगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में बुधवार को राज्य सरकार और मेसर्स स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड चंडीगढ़ के बीच 1400 करोड़ रुपये की लागत से सोलन जिले में एपीआई, ग्रीन हाइड्रोजन और 2जी इथेनॉल बीबीएन की भारत की पहली एकीकृत विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए प्रतिबद्धता ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एकीकृत सुविधा से 1000 युवाओं को रोजगार मिलेगा। शुरूआत में इस परियोजना को पहले चरण में 30 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन की आवश्यकता



होगी और आने वाले समय में इसे 50 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन की आवश्यकता होगी।

**एक वर्ष की अवधि के भीतर परियोजना को पूरा करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को मार्च 2026 तक देश का हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में विभिन्न पहल शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सोलन जिले के नालागढ़ में ऑयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से एक मेगावाट का हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य हरित ऊर्जा क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने के लिए तैयार है। उन्होंने संबंधित कंपनी को एक वर्ष की अवधि के भीतर परियोजना को पूरा करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार की ओर से निदेशक उद्योग डॉ. यूनुस तथा कंपनी की ओर से प्रबंध निदेशक विवेक वर्मा ने एमओसी पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, विधायक संजय अवस्थी, सलाहकार अधोसंरचना अनिल कपिल, अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, अतिरिक्त निदेशक उद्योग तिलक राज शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हाल में बनेगा मंडी में शिवधाम: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव के समापन अवसर पर निकली भव्य जलेब में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ शिरकत की। उन्होंने सुबह देवी देवताओं के दर्शन किए और दोपहर बाद राज्यपाल के साथ राजमाधव राय मंदिर में पहुंचकर पूजा में भाग लिया। सात दिवसीय इस महोत्सव के आखिरी दिन निकली तीसरी भव्य जलेब में करीब 45 देवी देवताओं ने हजारों देवलुओं के साथ नाचते गाते शिरकत की। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मेले के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन और सर्व देवता कमेटी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये धार्मिक आयोजन देव महाकुंभ से कम नहीं है। इसका एक लंबा इतिहास है और मंडी की शिवरात्रि अनेकों प्राचीन परंपराओं की संवाहक रही है। बचपन से इस महोत्सव में शामिल होने का सौभाग्य मिलता रहा है जिसका लोगों के अलावा देवताओं को भी वर्ष बाद बेसब्री से इंतजार रहता है। हर वर्ष नए नए श्रृंगार और वस्त्र पहनकर देवता भगवान शिव को समर्पित इस त्यौहार में अपनी हाजरी देने पहुंचते हैं। खास बात शिवरात्रि में ये रहती है कि यहां एक ही जगह 250 से अधिक देवी देवताओं के दर्शन होते हैं। यही कारण है कि दिनभर देवी देवताओं के रथों और मोहरों के दर्शनों को लंबी लाइनें लगती है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने की दिशा में हमने प्रयास शुरू किए हैं। अढ़ाई सौ करोड़ की लागत से बनने वाले शिवधाम प्रोजेक्ट को मैं हर हाल में पूरा करवाऊंगा।

## जम्मू-कश्मीर को जल्द मिलेगा राज्य का दर्जा: एलजी



**टीम एक्शन इंडिया**
जम्मू: उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अभिभाषण के साथ सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले बजट सत्र का आगाज हुआ। उपराज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य का दर्जा बहाली की बात दोहराई। उन्होंने कहा, जम्म-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने को लेकर केंद्र संकल्पबद्ध है। केंद्र सरकार राज्य के दर्जे के भावनात्मक व राजनीतिक महत्व को समझती है। इसके लिए हितधारकों से बात की जा रही है। सात साल बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा के सेंट्रल हाल में अभिभाषण से बजट सत्र शुरू हुआ है। अभिभाषण में उपराज्यपाल ने कहा, यह सत्र केवल एक विधायी औपचारिकता नहीं है, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। बजट भागीदारी शासन के नए युग का प्रतिनिधित्व करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आम लोगों की जरूरतें और आकांक्षाएं नीति निर्माण के केंद्र में रहें। सरकार जम्मू-कश्मीर को परिभाषित करने वाली एकता और विविधता को बनाए रखने के लिए प्रयासरत है।
सुशासन जम्मू-कश्मीर के समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भविष्य की आधारशिला है। सरकार पारदर्शी और जवाबदेह निर्णय लेने, संसाधनों का कुशल और प्रभावी आवंटन सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

**खर्च किए जाने वाले हर पैसे का नागरिकों को पूरा लाभ देने का प्रयास**

एलजी ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों को खर्च किए गए हर पैसे का पूरा लाभ देने के उचित प्रयास किए जा रहे हैं। हाल के वर्षों में जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### कश्मीरी विस्थापितों के पुनर्वास पर हो रहा काम

**उपराज्यपाल** ने कश्मीरी विस्थापितों के सम्मानजनक पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। कहा, विस्थापित कर्मचारियों के लिए पारगमन आवास परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए प्रयास तेज किए जाएंगे। कर्मियों को निर्दिष्ट स्थानों पर उपयुक्त आवास प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह सभी पहल विश्वास बहाल करने, समावेशिता को बढ़ावा देने और जम्मू-कश्मीर में सभी समुदायों के लिए एक स्थिर और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करेगी।
प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की प्रशंसा की। कहा, पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से प्रदेश के सभी बीस जिलों के लिए अलग-अलग बैठकें कीं।

## अयोध्या में अवैध चिकन और मटन शॉप पर चला प्रशासन का हंटर

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या:** अयोध्या शहर में अवैध रूप से चल रहीं चिकन और मटन शॉप पर बुधवार को जिला प्रशासन ने अपना हंटर चलाया। जिला प्रशासन को शिकायत मिल रही थी कि शहर में कुछ ऐसे लोग हैं जो बिना लाइसेंस के चिकन और मटन शॉप चला रहे हैं। एसडीएम सदर विकास धर दुबे और सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर के फतेहगंज क्षेत्र में छापा मारा।

# 03 जुलाई से शुरू होगी बाबा बर्फानी की यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
जम्मू: दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की 48वीं बोर्ड बैठक में इसका निर्णय लिया गया। प्रवक्ता ने बताया, "इस साल यात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों-अनंतनाग जिले में पहलगाम ट्रैक और गंदेरबल जिले में बालटाल से एक साथ शुरू होगी और रक्षाबंधन के दिन नौ अगस्त को इसका समापन होगा।" उन्होंने बताया कि बैठक में तीर्थ बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया,



जिन्होंने श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों और हस्तक्षेपों का प्रस्ताव रखा। प्रवक्ता ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बैठक में जम्मू, श्रीनगर और अन्य स्थानों पर केंद्रों पर ठहरने की क्षमता बढ़ाने, ई-केवाईसी के लिए यात्री सुविधा केंद्रों का संचालन, आरएफआईडी कार्ड जारी करने, नौगाम और कटरा रेलवे स्टेशनों सहित कई स्थानों पर तीर्थयात्रियों का मौके पर पंजीकरण करने के उपायों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इस बात पर भी चर्चा की गई कि आवश्यकता के अनुसार बालटाल, पहलगाम, नुनवान और पंथा चौक श्रीनगर में भी इन सुविधाओं को उपयुक्त रूप से बढ़ाया जाना चाहिए।
संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

**फैसला**

**▸▸ उपराज्यपाल की अध्यक्षता में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड की 48वीं बोर्ड बैठक में इसका निर्णय लिया गया**

# सपा के नेताओं में औरंगजेब की आत्मा बस गई: केशव प्रसाद मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा के नेताओं में औरंगजेब की आत्मा बस गई है! सपा अब समाजवादी नहीं, समाप्त वादी पार्टी बनने की ओर स्वयं अग्रसर हो गई है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत के इतिहास का सबसे निकृष्ट और क्रूर शासक औरंगजेब की विचारधारा ही समाजवादी पार्टी और अखिलेश



यादव की असली विचारधारा है। अबू आजमी ने क्रूरतम मुगल शासक औरंगजेब पर बयान देकर माफी मांग ली, लेकिन सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आजमी के बयान का खुला समर्थन कर यह साबित कर दिया कि उनमें क्रूर मुगल शासकों की आत्मा समा गई है। यह पार्टी तुष्टीकरण में इतनी अंधी हो गई है कि अपने विनाश की पटकथा खुद लिख रही है।

**साधा निशाना**

**▸▸ यह पार्टी तुष्टीकरण में इतनी अंधी हो गई है कि अपने विनाश की पटकथा खुद लिख रही है: केशव प्रसाद मौर्य**




# एफआईआर में आरोपित की जाति के उल्लेख पर यूपी डीजीपी से किया सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज। इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने एफआईआर में आरोपित की जाति के उल्लेख के सम्बंध में चिंता जताते हुए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को एफआईआर में जाति सम्बंधी जानकारी शामिल करने और पुलिस जांच के दौरान इसकी प्रासंगिकता को लेकर व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की पीठ ने स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि



संस्थागत पूर्वाग्रह, रूढ़िवादिता को मजबूत करने की क्षमता और हाशिए के समुदायों के खिलाफ पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार के जोखिम को लेकर चिंता बढ़ रही है। अदालत ने आदेश में कहा है, पुलिस महानिदेशक को अगली सुनवाई की तारीख से पहले एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है।

**जवाब तलब**

**▸▸ पुलिस महानिदेशक को सुनवाई की तारीख से पहले एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है**

## सवा माह के लिए बंद होंगे मांगलिक कार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**कासगंज:** होली में अब करीब एक सप्ताह ही शेष है। बाजार से लेकर घरों तक त्योहार का उल्लास नजर आने लगा है। वहीं 7 मार्च से होलाष्टक और 14 मार्च से खरमास लगने के कारण करीब सवा माह तक मांगलिक कार्य प्रतिबंधित रहेंगे। 13 अप्रैल तक खरमास है। इसके बाद 14 अप्रैल से मांगलिक आयोजनों का दौर शुरू होगा। ज्योतिषाचार्य पं. मुकुंद बल्लभ भट्ट ने बताया कि होलाष्टक फाल्गुन मास की अष्टमी तिथि से आरंभ होता है।

**सजा** यदि राहुल गांधी 14 अप्रैल को न्यायालय में पेश नहीं होते है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी

# लखनऊ कोर्ट ने राहुल गांधी पर लगाया 200 रुपये का जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ। अपर** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह भी चेतावनी दी है कि यदि राहुल गांधी 14 अप्रैल को न्यायालय में पेश नहीं होते है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता अधिवक्ता नृपेंद्र पांडेय ने कोर्ट में दलील दी कि बार-बार समन के बावजूद राहुल गांधी कोर्ट में पेश नहीं हो रहे हैं। ऐसे में न्यायालय को उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।अधिवक्ता ने राहुल गांधी



की ओर से पेश हाजिरी माफी की अर्जी का भी विरोध किया। उधर बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने कोर्ट में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल करते हुए अपनी दलील में कहा कि राहुल गांधी इस समय संसद में विपक्ष के नेता हैं। पांच मार्च को उनके पास एक विदेशी गणमान्य व्यक्ति से मुलाकात का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम था। इसके अलावा अन्य आधिकारिक कार्यों में व्यस्तता के चलते वह अदालत में उपस्थित नहीं हो पाए। वह कोर्ट के आदेशों का सम्मान करते हैं और जानबूझकर पेशी से बचने का प्रयास नहीं कर रहे। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही यह भी चेतावनी दी कि 14 अप्रैल को हर हाल में कोर्ट में हाजिर हों। यदि वे अगली सुनवाई में भी गैरहाजिर रहते हैं, तो उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेस में स्वतंत्रता सेनानी वीर सवारकर को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में शिकायतकर्ता नृपेंद्र पाण्डेय ने लखनऊ कोर्ट में परिवाद दायर किया था।